दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 97 | सीकर, शुक्रवार 05 जून 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## सुप्रीम कोर्ट बोला- कुछ पद सिर्फ कम शिक्षितों के लिए

### बड़ी डिग्री छिपाकर ये नौकरी हासिल करना गलत; यह असली हकदार से रोजगार छीनने जैसा

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि कम शैक्षणिक योग्यता के लिए आरक्षित नौकरी के लिए अपनी शिक्षा छुपाना पद के असली हकदार से रोजगार छीनना है। इसलिए उच्च योग्यता छिपाकर ली गई नौकरी कानूनन अमान्य होगी।

जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने मद्रास हाई कोर्ट के 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कोर्ट ने सिंडिकेट बैंक के अटेंडेंट की नौकरी पाने के लिए ग्रेजुएशन की डिग्री छुपाने वाले एक व्यक्ति के पक्ष में फैसला सुनाया था।

**कोर्ट बोला- कुछ पदों को कम पढ़े-लिखे लोगों के लिए सुरक्षित रखना सही**-सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कम पढ़े-लिखे लोग कम योग्यता वाली नौकरियों में ज्यादा पढ़े-लिखे लोगों का मुकाबला नहीं कर सकते हैं। ऐसे में सरकार का कुछ पदों को कम पढ़े-लिखे लोगों के लिए सुरक्षित रखना पूरी तरह सही है। कोर्ट ने 2025 के एक पुराने फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सार्वजनिक रोजगार सभी योग्य उम्मीदवारों को तय नियमों के तहत ही मिलना चाहिए। सिर्फ इसलिए कि कोई उम्मीदवार तय सीमा से अधिक पढ़ा-लिखा है, उसे उस कम योग्यता वाले पद पर नियुक्ति का कोई स्वत: अधिकार नहीं मिल जाता। 27 मई को सुप्रीम कोर्ट ने सीबीएसई 9वीं क्लास में थ्री-लैंग्वेज रूल पर अपनी सुनवाई में कहा कि थ्री-लैंग्वेज रूल लागू करने के फैसले पर जांच की जाएगी। साथ ही स्ट्ट ने कहा कि ये देखना होगा कि सीबीएसई के थ्री-लैंग्वेज रूल की वजह से छात्रों और संसाधनों पर बेमतलब का दबाव तो नहीं पड़ रहा। ष्टछ्व सूर्यकांत की अगुवाई वाली तीन जजों की बेंच ने कहा कि इस पॉलिसी को लागू करने में आने वाली जमीनी और व्यवस्थागत दिक्कतों को समझना होगा, खासकर तब जब शिक्षकों और किताबों दोनों की ही कमी है।

## दिल्ली होटल आग, मालिक 4 दिन पुलिस रिमांड पर

### जलती इमारत के पास से गुजरा था, किसी को बचाया नहीं, डरकर भागा; 21 जानें गई थी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लरिश होटल में लगी आग मामले में मालिक लवकेश बजाज को 4 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। बजाज को पुलिस ने दिल्ली कोर्ट में पेश किया था। वहीं, बजाज ने पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, आग लगने के दौरान बजाज अपनी कार से जलती हुई इमारत के पास से गुजरा, लेकिन लोगों की मदद करने के बजाय वहां से निकल गया। उसने बताया कि वह डर के कारण मौके से भाग गया था। उसने यह भी स्वीकार किया कि उसने न तो किसी की मदद की और न ही घर गया। इसके बजाय वह शहर में इधर-उधर घूमता रहा। बुधवार को लगी इस भीषण आग ने पांच मंजिला इमारत को अपनी चपेट में ले लिया था, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई। घटना के कुछ घंटों बाद पुलिस ने बजाज को हिरासत में लिया था।

**होटल मालिक बोला- मैं नहीं दूसरे लोग संभालते थे काम**-गिरफ्तार होटल मालिक लवकेश बजाज ने बताया कि वह खुद होटल की निगरानी नहीं करता था। उसने होटल के मैनेजमेंट, बिलिंग और अकाउंट्स का काम किसी और व्यक्ति को दिया था। उसने यह भी कहा कि होटल में कमरे बड़े करने और अन्य बदलावों की सलाह भी किसी अन्य व्यक्ति ने दी थी। बजाज ने दावा किया कि सलाह देने वाले व्यक्ति ने उससे कहा था- होटल में ये सारे मॉडिफिकेशन नॉर्मल हैं और दिल्ली में सब चलता है।

## भगवत भक्ति का सबसे श्रेष्ठ साधन भगवान का नामोचारण

निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** भगवान के नाम का उच्चारण मन के समस्त पापों को समाप्त करने में सक्षम है। मनुष्य जब मुख से भगवान के नाम का उच्चारण करता है तब परमात्मा उसके हृदय में आकर बैठ जाते हैं तथा जो मनुष्य के मन में कलुशितता होती है, उसको साफ कर देते हैं। कलयुग में भगवत भक्ति का सबसे श्रेष्ठ साधन भगवान का नामोच्चारण है। उक्त कथन सेहीकलां के नेत दादा मंदिर परिसर में पवित्र पुरुषोत्तम मास के अवसर पर चल रहीं भागवत कथा के तीसरे दिन व्यास पीठ से वाणीभूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी ने अजामिल प्रसंग में कहे। तिवाड़ी ने समस्त श्रोताओं से अधिकाधिक भगवान के नाम के उच्चारण की आदत डालने का आह्वान किया। कथा में स्वर्ग नर्क का वर्णनए प्रहलाद कथा, समुद्र मंथन तथा भगवान वामन प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा के दौरान रंगकर्मी सुरेश शेखावत द्वारा सजाई गई मनोहारी भगवान वामन की सजीव झांकी तथा राजू भगत व श्याम राणा द्वारा सुन्दर भजनों की प्रस्तुति से वातावरण भक्तिमय बन गया। इससे पूर्व यजमान होशियारी लाल शर्मा ने सपत्निक पंडित बाल कृष्ण चौरासिया के वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य भागवत व व्यास पूजन किया। इस दौरान पूर्व सरपंच शीशराम गोस्वामी, हजारीलाल शर्मा, अशोक शर्मा, संतोष सिंह शेखावत, ओमप्रकाश महरिया, विक्रम शर्मा, करण सिंह शेखावत, राकेश पूनिया, राजेंद्र सिंह शेखावत, मातुराम महरिया, संजय भगत, नत्थुराम शर्मा, जितेंद्र जांगिड़, ब्रह्मानंद पूनिया, सत्यनारायण कुमावत, प्रमोद भगत, गजाननंद शर्मा, अनिल शर्मा, धरम सिंह शेखावत, रवि कुमावत सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



# राज्यसभा चुनाव : भाजपा ने 11 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की



भोपाल/जयपुर/अहमदाबाद/दिल्ली।

भाजपा ने राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। बीजेपी ने मध्यप्रदेश की दो सीटों के लिए राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग और उद्योगपति रजनीश अग्रवाल को उम्मीदवार बनाया है। राजस्थान से पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया और डॉ. अलका गुर्जर को प्रत्याशी बनाया है।

गुजरात की चार सीटों पर राजूभाई शुक्ला, मुकेशभाई राठवा, मानसिंह परमार और जितेंद्र मेघजीभाई कंजारिया को उम्मीदवार बनाया गया है। अरुणाचल प्रदेश से ताई तागक और मणिपुर से ए. शारदा देवी को टिकट मिला है।

ओडिशा में 25 मई को देवाशीष सामंतराय ने बीजू जनता दल और राज्यसभा से इस्तीफा देकर भाजपा जॉइन कर ली थी। इस तरह ओडिशा की इस सीट पर उपचुनाव होगा।

इसके लिए भाजपा ने देवाशीष को ही उम्मीदवार बनाया है। 13 राज्यों की 27 राज्यसभा सीटों पर 18 जून को चुनाव होगा। नामांकन भरने की लास्ट डेट 8 जून है।

### तमिलनाडु, मेघालय और मिजोरम में भी प्रत्याशी घोषित

**तमिलनाडु:** सीएम विजय की पार्टी टीवीके ने राज्य की एक राज्यसभा सीट कांग्रेस को दी है। पार्टी ने यहां से प्रवीण चक्रवर्ती को उम्मीदवार बनाया है।
**मेघालय:** मेघालय डेमोक्रेटिक अलायंस-2 ने नेशनल पीपुल्स पार्टी के जेम्स पीके संगमा को सर्वसम्मति से उम्मीदवार बनाया है।
**मिजोरम:** राज्य की एक सीट के लिए सत्ताधारी दल जोराम पीपुल्स मूवमेंट ने पार्टी प्रवक्ता के. लालतलुआंगकिमा को प्रत्याशी घोषित किया है।

### एनडीए के पास 18 सीट

राज्यसभा की जिन 27 सीटों पर चुनाव होने हैं, उनमें से एनडीए के पास अभी 18 (आंध्र प्रदेश से 1, गुजरात से 4, कर्नाटक से 3, राजस्थान-मध्य प्रदेश से 2-2, झारखंड, मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु से एक-एक सीटे हैं)। वहीं कांग्रेस गठबंधन के पास 5 सीटे हैं। वहीं तीन अन्य सीटें वाईएसआरसीपी के खाते में हैं। एक बीजेडी के पास थी।

## प्रदेश में सतीश पूनिया और अलका गुर्जर को बनाया उम्मीदवार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान से राज्यसभा की तीन सीटों के लिए होने वाले चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपने दो उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया और पूर्व मंत्री अलका गुर्जर को राज्यसभा चुनाव का प्रत्याशी बनाया है। राजस्थान की तीन राज्यसभा सीटों पर 18 जून को मतदान होगा और उसी दिन मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। विधानसभा में वर्तमान संख्या बल के आधार पर भाजपा दो सीटों पर जीत की स्थिति में है, जबकि तीसरी सीट पर मुकाबला रोचक रहने की संभावना है। ऐसे में भाजपा ने अपने दोनों संभावित विजयी उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगा दी है। भाजपा द्वारा अलका गुर्जर को उम्मीदवार बनाए जाने को राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी ने इस निर्णय के जरिए पूर्वी राजस्थान के प्रभावशाली गुर्जर समुदाय को साधने का प्रयास किया है। प्रदेश की राजनीति में गुर्जर समाज को महत्वपूर्ण वोट बैंक माना जाता है, जो लंबे समय से कांग्रेस नेता सचिन पायलट के प्रभाव के कारण कांग्रेस के साथ जुड़ा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अलका गुर्जर को राज्यसभा प्रत्याशी बनाकर भाजपा ने इस सामाजिक समीकरण में अपनी पैठ मजबूत करने की रणनीति अपनाई है। अलका गुर्जर लंबे समय से संगठन में सक्रिय रही हैं तथा विधायक और मंत्री के रूप में भी अपनी भूमिका निभा चुकी हैं। वहीं पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया को उम्मीदवार बनाए जाने से पार्टी ने संगठन और राजनीतिक अनुभव को भी महत्व दिया है। पूनिया प्रदेश भाजपा के प्रमुख नेताओं में गिने जाते हैं और लंबे समय से संगठनात्मक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। वहीं मौजूदा संख्या बल के हिसाब से बीजेपी को दो और कांग्रेस को एक सीट मिल रही है। एक सीट पर जीत के लिए 51 विधायक चाहिए। बीजेपी के दो राज्यसभा सीटें जीतने के ही समीकरण हैं। तीसरी सीट के लिए बीजेपी को 35 दूसरे दलों के विधायकों के वोट चाहिए। जो मौजूदा राजनीतिक हालात में लगभग असंभव है। आरएलडी बीजेपी के साथ हैए बीजेपी अगर आठ निर्दलीयों, 2 बसपा, 4 बीटीपी के वोट भी लेने में कामयाब रहती है तो भी तीसरे उम्मीदवार के लिए 20 विधायकों के वोट कम पड़ेंगे। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, भाजपा सांसद राजेंद्र गहलोत और कांग्रेस सांसद नीरज डांगी का कार्यकाल 21 जून को समाप्त हो रहा है, जिसके चलते ये तीनों सीटें रिक्त हो रही हैं।

# जयपुर में तेज बारिश, श्रीगंगानगर में ओले गिरे

### झुंझुनूं में अंधड़ से सड़क पर पेड़ गिरा; दिल्ली में खराब मौसम के कारण 4 फ्लाइट जयपुर डायवर्ट







जयपुर।

जयपुर में गुरुवार को दिनभर गर्मी और उमस के बाद देर शाम को मौसम बदला। इस दौरान शहर के कई इलाकों में तेज बारिश हुई। अलवर शहर में भी शाम को कई जगह बारिश हुई। दिल्ली में खराब मौसम और कम विजिबिलिटी के कारण 4 फ्लाइट जयपुर डायवर्ट की गईं। श्रीगंगानगर में शाम को 4 बजे बाद मौसम बदला और कई इलाकों में 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली और बारिश हुई। जिले के जैतसर कस्बे में शाम 7 बजे बारिश के साथ ओले गिरे। मौसम विभाग ने राज्य में 7 जून तक आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है, जिसमें ज्यादातर हिस्सा पूर्वी और दक्षिणी राजस्थान का है। शुक्रवार को 14 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही 8 जिलों मे येलो अलर्ट है।

### झुंझुनूं के चिड़ावा में अंधड़ से सुल्ताना रोड पर पेड़ गिरा

झुंझुनूं जिले के चिड़ावा में गुरुवार शाम 5 बजे मौसम बदला और अंधड़ आया। इस दौरान पूरा शहर धूल के गुबार से ढक गया। अंधड़ के कारण चिड़ावा-सुल्ताना रोड पर पेड़ गिर गया, जिसके कारण ट्रैफिक बाधित हो गया। 5~20 बजे बूंदाबांदी होने लगी।

### श्रीगंगानगर जिले के जैतसर में बारिश के साथ ओले गिरे

श्रीगंगानगर में शाम को 4 बजे बाद मौसम बदला और कई इलाकों में आंधी चली। इसके बाद बारिश का दौर शुरू हुआ। जिले के जैतसर कस्बे में शाम 7 बजे बारिश के साथ ओले गिरे।

## कॉकरोच जनता पार्टी बोली- सीबीएसई चेयरमैन का ट्रांसफर सिर्फ दिखावा

### सरकार से बातचीत को तैयार; दिल्ली में पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की, 6 जून को प्रदर्शन




नई दिल्ली।

कॉकरोच जनता पार्टी ने बुधवार को दिल्ली में पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पार्टी की तरफ से तीन प्रवक्ता पहली बार अपनी मांगों को लेकर जनता के बीच आए। उन्होंने शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को दोहराया और कहा इसके लिए वे सरकार और विपक्ष दोनों से बातचीत को तैयार हैं।

सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने सीबीएसई चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता के तबादले को सिर्फ दिखावा बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय होनी चाहिए और केवल तबादलों से समस्या का समाधान नहीं होगा। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दिपके 6 जून को अमेरिका से दिल्ली पहुंचेंगे। इसके बाद वे जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति लेने के लिए संसद मार्ग थाने जाएंगे। पार्टी ने देशभर के युवाओं से इस आंदोलन में शामिल होने की अपील की है।

पार्टी ने दावा किया कि जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी प्रदर्शन में शामिल हो सकते हैं। सीजेपी नेताओं ने कहा कि यह आंदोलन शिक्षा व्यवस्था और राजनीतिक तंत्र को लेकर युवाओं की बढ़ती नाराजगी को दर्शाता है।

# स्पा सेंटर पर पुलिस का शिकंजा : गाइडलाइन उल्लंघन पर पांच महिलाओं समेत आठ गिरफ्तार

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** एयरपोर्ट थाना पुलिस ने होटल लॉगिन पार्क में संचालित स्पा सेंटर पर छापा मारकर जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की गाइडलाइन का उल्लंघन पाए जाने पर पांच महिलाओं सहित कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देशानुसार शहर में अवैध एवं नियम विरुद्ध संचालित स्पा सेंटरों के खिलाफविशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार सिंघल के मार्गदर्शन तथा सहायक पुलिस आयुक्त मालवीय नगर विनोद शर्मा के सुपरविजन में एयरपोर्ट थानाधिकारी रूप नारायण यादव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस के अनुसार कार्रवाई से दो दिन पूर्व ही एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के सभी स्पा सेंटर संचालकों को जयपुर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए नियमों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही उल्लंघन की स्थिति में सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई थी। इसके बावजूद होटल लॉगिन पार्क स्थित स्पा सेंटर में निर्धारित नियमों की अनदेखी सामने आई। महिला पुलिसकर्मियों के साथ गठित टीम ने जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं पाईं, जिसके बाद मौके पर कार्रवाई करते हुए आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस जांच में पाया गया कि स्पा सेंटर में पुलिस कमिश्नरेट द्वारा निर्धारित कई अनिवार्य नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था। निर्धारित रिकॉर्ड संधारित नहीं किया गया था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में भी कमी पाई गई। इसके चलते पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई की। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की गाइडलाइन के अनुसार स्पा सेंटरों में मसाज रूम में केवल पारदर्शी ग्लास होना चाहिए तथा पुरुष ग्राहकों की मालिश पुरुष और महिला ग्राहकों की मालिश महिला कर्मचारियों द्वारा ही की जानी चाहिए। रिसेप्शन, प्रवेश द्वार और कॉमन एरिया में सीसीटीवी कैमरे एवं कम से कम 30 दिन का रिकॉर्ड सुरक्षित रखना अनिवार्य है। इसके अलावा सभी ग्राहकों का नाम, पता, मोबाइल नंबर और पहचान पत्र का रिकॉर्ड रखना, वैध लाइसेंस एवं एनओसीए कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन और योग्यता प्रमाण-पत्र उपलब्ध होना जरूरी है। विदेशी कर्मचारियों के लिए वैध वर्क या बिजनेस वीजा भी अनिवार्य है। स्पा सेंटर संचालकों को परिसर के बाहर लाइसेंस और कार्य समय संबंधी जानकारी प्रदर्शित करनी होगी तथा रिसेप्शन पर हेल्पलाइन नंबर 112 और 181 सहित सूचना पट्ट लगाना भी आवश्यक है।

बंद कमरों में सेवाएं देना प्रतिबंधित है। संचालकए प्रबंधक अथवा कर्मचारियों के खिलाफ अनैतिक व्यापार, पॉक्सो या यौन अपराध से संबंधित मामला लंबित नहीं होना चाहिए। डीसीपी पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि शहर में संचालित स्पा सेंटरों की नियमित जांच और निगरानी जारी रहेगी। नियमों की अवहेलना करने वाले संचालकों के खिलाफकठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने सभी स्पा एवं मसाज पार्लर संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे कमिश्नरेट की गाइडलाइन का पालन करें।

## कोबरी-सार



# वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत नेचर पार्क में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** कस्बे के नेचर पार्क में वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत गुरुवार को पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के मुख्यातिथि में व एसडीएम प्रियंका कड़ेला की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि जल है तो कल हैए हमे आने वाली पीढ़ी के लिए इसकी हर बून्द बचाना जरूरी है इसलिए वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान को हमे मिलकर जन अभियान बनाना होगा तभी सरकार का जल संरक्षण का यह अभियान सफ्ल होगा। राठौड़ ने कहा कि पानी की कमी से अकेले सरकारी प्रयासों से नहीं लड़ा जा सकता। हर नागरिक को इसे अपना सामाजिक और नैतिक कर्तव्य मानकर दैनिक जीवन में पानी की मितव्यता और हर बूंद को बचाना बेहद जरूरी है। लोग वर्षा जल संचयन और पानी के सही उपयोग को अपनी दिनचर्या और जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। यदि समाज सामूहिक रूप से एकजुट होकर जल संरक्षण की दिशा में कार्य करेगा, तो भविष्य में आने वाले किसी भी जल संकट से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकेगा। राठौड़ ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती जल समस्या हम सभी के लिए चिंता का विषय है। यदि हम आज जल संरक्षण के प्रति जागरूक नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह जल की एक-एक बूंद का महत्व समझे और उसके संरक्षण का संकल्प ले। समाज और सरकार मिलकर कार्य करेंगे तभी हम जल का संरक्षण कर पाएंगे। वंदे गंगा जल सरंक्षण अभियान के जिला समन्वयक एवं कार्यक्रम आयोजक भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने कहा कि राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चलाया जा रहा वंदे गंगा जल संरक्षण जन-अभियान समाज में नई जागरूकता का संचार कर रहा है। मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण को केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि जन-जन का आंदोलन बनाने का कार्य किया है। अभियान के तहत प्रदेश में जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रयास किए जा रहे हैं। चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि मुख्यमंत्री जी के इस अभियान को घर-घर तक पहुंचाएं और जल संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएँ। जब समाज और सरकार साथ मिलकर कार्य करते हैं, तब बड़े से बड़ा लक्ष्य भी प्राप्त किया जा सकता है। अभियान के संभाग संयोजक वासुदेव चावला ने कहा कि हमें वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना होगा।

जब समाज और सरकार मिलकर कार्य करेंगे, तभी जल संरक्षण का यह अभियान सफल होगा। जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा व पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया ने सभी को जल संरक्षण का संकल्प लेने व सरकार के इस जन अभियान में अधिकाधिक भागीरदारी निभाकर इसको सफल बनाने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपखण्ड अधिकारी प्रियंका कड़ेला ने की। संचालन वीरबहादुर राठौड़ व भागचंद किरोड़ीवाल ने किया।

कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ व अतिथियों ने वन विभाग के सौजन्य से नेचर पार्क में पौधरोपण किया व लोगों को तुलसी के पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में भाजपा नेता महावीर पूनिया, चन्द्राराम गुरी, जमरदीन तेली, अजीत राठौड़, अनूप खंडेलवाल, नरेश सहारण, भंवरलाल दादरवाल, भंवरलाल पूनिया, सीताराम लुगरिया, राकेश शर्मा, धर्मवीर राठौड़, बीडीओ छगनलाल छिम्पा, रेंजर सुरेंद्रसिंह, फोरेस्टर सुनील बागड़ी, ईओ अजयप्रतापसिंह, एक्सईन राजेश जांगिड़, सीबीईओ बबलेश शर्मा, पीएमओ डॉ देवीलाल जोशी सहित सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे हरियालो राजस्थान अभियान की शुरुआत

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने और नागरिकों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से एक पेड़ मां के नाम अभियान एवं हरियालो राजस्थान-2026 का राज्य स्तरीय शुभारंभ शुक्रवार 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर स्थित विश्व वानिकी वृक्ष उद्यान में प्रात: 10 बजे पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ करेंगे। वन विभाग के अनुसार प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2024 में शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान को आगे बढ़ाते हुए राज्य में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को अपनी माताओं के सम्मान में अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करना तथा पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक और भावनात्मक जुड़ाव से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में वन मंत्री संजय शर्मा, जिला प्रभारी मंत्री, स्थानीय सांसद, विधायक, मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, पुलिस महानिदेशक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अभियान के शुभारंभ से जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्वयंसेवी संस्थाओं, महिलाओं और आमजन की सहभागिता बढ़ने की उम्मीद है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विश्व वानिकी वृक्ष उद्यान वन विभाग का संरक्षित जैव विविधता उद्यान है, जहां राज्य की विभिन्न वानिकी प्रजातियों के वृक्ष संरक्षित हैं। फेंसिंग युक्त सुरक्षित परिसर और पर्याप्त जल स्त्रोत उपलब्ध होने के कारण यहां लगाए जाने वाले पौधों के संरक्षण एवं रखरखाव की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी। वन विभाग ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं।

## जिलाध्यक्ष बाटड़ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री पशुपालन एवं डेयरी, गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत गुरूवार को अल्प प्रवास पर भाजपा कार्यालय पहुंचे। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ के नेतृत्व में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मंत्री कुमावत को भावभीना स्वागत किया। इस दौरान मंत्री कुमावत ने राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं, प्रदेश के विकास व संगठनात्मक विषयों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष बाटड़ ने पदाधिकारियों का परिचय करवाया। इस दौरान जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, गजानंद कुमावत, राजेश रोलन, रमेश जलधारी, करणसिंह, राहुल वर्मा, प्रदीप अग्रवाल, इंद्र शर्मा, भंवरी खोखर, रामनिवास गुर्जर, मोहन गुर्जर, महावीर सैन, महेश खोखर, मुकेश गुर्जरए हरेंद्र जेदियाए योगेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## चूरू जिला अरबन को आपरेटिव बैंक का 56 वां स्थापना दिवस मनाया



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** चूरू जिला अरबन को आपरेटिव बैंक के 56 वें स्थापना दिवस पर शाखा तारानगर में केक काटकर स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक सुधाकर सहल ने कहा कि बड़े ही हर्ष का विषय है कि बैंक की स्थापना के शानदार 56 वर्ष पूर्ण हो गये है। सहल ने बताया कि बैंक सदैव समर्पित भाव से कार्य करता रहा है। बैंक द्वारा एक वर्ष से 2 वर्ष की अवधि की सावधि जमाओं पर 7:50 ब्याज दिया जा रहा एवं वरिष्ठ नागरिकों को 0.60 अधिक ब्याज दिया जा रहा है जो कि अन्य वित्तीय संस्थानों की तुलना में अधिक है, उन्होंने सभी सम्माननीय ग्राहकों से उक्त ब्याज दर का लाभ उठानें हेतु आव्हान किया गया। इस अवसर पर दीपेंद्र सिंह राजवी, श्रवण सिंह राजवी, दीपक शर्मा, अनिल अग्रवाल, संतलाल वर्मा, राजेश जांगीड़, अश्विनी वर्मा, राकेश चाचाण, निर्मल चाचाण, दिलीप भार्गव, प्रदीप सोनी आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी की पहल : सड़क निर्माण कार्यों को मिलेगा नया संबल

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राज्य में सड़क निर्माण परियोजनाओं को गति देने के लिए उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब सड़क निर्माण में उपयोग होने वाले बिटूमिन डामर का प्रावधिक मूल्य मासिक आधार पर जारी किया जाएगा, जिससे निर्माण कार्यों में आ रही व्यावहारिक बाधाएं दूर होंगी और परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी। इसके साथ ही राज्य सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के कारण प्रभावित सड़क परियोजनाओं को बिना लिक्विडेटेड डैमेज एलडी लगाए दो माह का अतिरिक्त समय देने का भी फैसला किया है। इससे संवेदकों को राहत मिलेगी और लंबित परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूरा करने में सहायता मिलेगी। जानकारी के अनुसार हाल ही में लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी के संवेदकों ने उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी से मुलाकात कर अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा था। संवेदकों ने सड़क निर्माण कार्यों में आ रही चुनौतियों और लागत से जुड़े मुद्दों को उनके समक्ष रखा था। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने पीडब्ल्यूडी एवं वित्त विभाग के अधिकारियों को सड़क परियोजनाओं को गति देने तथा संवेदकों की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए थे। उन्हीं निर्देशों की अनुपालना में राज्य सरकार ने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। संवेदकों ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

उनका कहना है कि बिटूमिन मूल्य की मासिक घोषणा और प्रभावित परियोजनाओं को अतिरिक्त समय मिलने से सड़क निर्माण कार्यों में तेजी आएगी तथा विकास परियोजनाओं को नया संबल मिलेगा।

## अपना घर आश्रम नोखा में श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिवस श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** अपना घर आश्रम नोखा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिवस भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भव्य एवं भक्तिमय आयोजन किया गया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का वर्णन होते ही संपूर्ण पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोषों से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का उत्साहपूर्वक आनंद लेते नजर आए। कथावाचक पूज्य रामसनेही माधव दास जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य जीवन, उनकी लीलाओं एवं धर्म स्थापना के संदेश पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने सेवा, प्रेम, करुणा एवं धर्म के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं अतिथियों को अपना घर आश्रम की सेवा गतिविधियों की जानकारी देने के उद्देश्य से आश्रम परिसर की विशेष विजिट भी करवाई गई। आश्रम में निवासरत प्रभुजनों की सेवा व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाएं, भोजन व्यवस्था एवं अन्य सेवा प्रकल्पों का अवलोकन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। उन्होंने अपना घर परिवार द्वारा निराश्रित एवं असहाय प्रभुजनों की निस्वार्थ सेवा की सराहना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कन्हैयालाल करवाए मानकलाल कुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक, श्रद्धालु एवं सेवा सहयोगी उपस्थित रहे। सभी ने कथा श्रवण के साथ-साथ आश्रम की सेवा गतिविधियों का अवलोकन कर सेवा कार्यों में सहयोग का संकल्प लिया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी, पुष्पवर्षा, आरती एवं भजनों की मधुर प्रस्तुतियों ने वातावरण को पूर्णत: भक्तिमय बना दिया। कथा के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

## कांग्रेस की जन आक्रोश रैली 6 जून को

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफतारानगर विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तारानगर एवं साहवा के तत्वावधान में 6 जून शनिवार को सुबह 9 बजे तहसील कार्यालय के आगे श्जन आक्रोश रैली का आयोजन किया जाएगा। कांग्रेसी ब्लॉक अध्यक्ष मदन पांडिया व वेद प्रकाश सहारण ने बताया कि भाजपा सरकार की विफलताओं, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और किसानों व आमजन की समस्याओं को लेकर ये रैली का आयोजन करना पड़ रहा है। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार हर मोर्चे पर फेल रही है और जनता त्रस्त है।

## उपखण्ड अधिकारी ने राजकीय चिकित्सालय का किया निरीक्षण



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** एसडीएम ममता लहुआ ने गुरुवार को राजकीय चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण कर चिकित्सा एवं जनसुविधा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों, ओपीडी, दवा वितरण केन्द्र, आपातकालीन कक्ष तथा अस्पताल परिसर का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद कर उपचार, दवा की उपलब्धता तथा अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पीएमओ डॉ. भरत कसेरा को मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। अस्पताल परिसर में साफसफाई व्यवस्था का विशेष निरीक्षण करते हुए उन्होंने नियमित सफाई, जैव.चिकित्सा अपशिष्ट के वैज्ञानिक निस्तारण, शौचालयों की स्वच्छता तथा वार्डों में स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं परिजनों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना चिकित्सा प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। गर्मी के मौसम को देखते हुए उपखण्ड अधिकारी ने पेयजल, कूलर, पंखों एवं विद्युत व्यवस्था को सुचारु रखने तथा मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने देने के निर्देश दिए। साथ ही दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं अस्पताल परिसर में नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी प्रदान किए। एसडीएम ने कहा कि चिकित्सा सेवाओं एवं स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## वी-जॉन का शेव प्रो ट्विन ब्लेड रेजर लॉन्च



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ग्रूमिंग उत्पादों की अग्रणी कंपनी वी-जॉन ने अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए शेव प्रो ट्विन ब्लेड रेज़र लॉन्च किया है। कंपनी ने इसे किफायती कीमत पर बेहतर शेविंग अनुभव उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बाजार में उतारा है। मात्र 20 रुपए कीमत वाले इस रेजर को खासतौर पर भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। कंपनी के अनुसार यह नया रेजर कम कीमत वाले डिस्पोजेबल रेजर और महंगे शेविंग उत्पादों के बीच की दूरी को कम करेगा तथा उपभोक्ताओं को बेहतर प्रदर्शन के साथ सुलभ विकल्प उपलब्ध कराएगा। इस लॉन्च के साथ वी-जॉन ने किफायती रेजर श्रेणी में अपनी रणनीतिक उपस्थिति दर्ज कराई है और पुरुषों के ग्रूमिंग सेगमेंट में अपनी पकड़ मजबूत करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। वी-जॉन ग्रुप के महाप्रबंधक मार्केटिंग आशुतोष चौधरी ने कहा कि कंपनी का हमेशा से प्रयास रहा है कि गुणवत्तापूर्ण ग्रूमिंग हर उपभोक्ता तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि शेविंग भारतीय पुरुषों की दैनिक दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा है और शेव प्रो ट्विन ब्लेड रेजर के माध्यम से उपभोक्ताओं को आरामदायक, भरोसेमंद और किफायती समाधान उपलब्ध कराया जा रहा है। यह उत्पाद गुणवत्ता, प्रदर्शन और मूल्य के बीच संतुलन स्थापित करता है। उन्होंने ने बताया कि रेजर में दो सुपर शार्प जापानी ब्लेड लगाए गए हैं, जो कम प्रयास में क्लोज और सटीक शेव प्रदान करते हैं। इसके साथ ही इसमें एलोवेरा लुब्रिकेशन स्ट्रिप दी गई है, जो ब्लेड की स्मूद ग्लाइडिंग सुनिश्चित करने के साथ शेविंग के दौरान होने वाली जलन को कम करने में मदद करती है। रेजर का लंबा और एर्गोनोमिक हैंडल बेहतर पकड़ और नियंत्रण प्रदान करता है, जिससे शेविंग के दौरान स्थिरता बनी रहती है और कट लगने या त्वचा को नुकसान पहुंचने की संभावना कम हो जाती है। कंपनी के अनुसार उत्पाद को भारतीय उपभोक्ताओं की ग्रूमिंग आदतों और पसंद को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है, जहां किफायत, सुविधा और भरोसेमंद प्रदर्शन खरीद के प्रमुख आधार हैं। विशेष रूप से टियर-2, टियर-3 और ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रूमिंग उत्पादों की बढ़ती मांग को देखते हुए यह रेजर बाजार में उतारा गया है। वी-जॉन का कहना है कि भारत की लगभग 65 प्रतिशत आबादी अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, जहां ग्रूमिंग जागरूकता और बेहतर उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में शेव प्रो ट्विन ब्लेड रेजर उपभोक्ताओं को किफायती कीमत पर बेहतर शेविंग अनुभव प्रदान करेगा।

## ऑस्ट्रेलिया की संसद में गूंजेगा भारत का गौरव



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय संस्कृति, जीवन मूल्यों और वैश्विक स्तर पर भारतीय प्रतिभाओं के योगदान को सम्मानित करने वाला प्रतिष्ठित भारत गौरव अवार्ड इस वर्ष ऑस्ट्रेलिया की धरती पर आयोजित होगा। संस्कृति युवा संस्था की ओर से आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह का 13वां संस्करण आगामी 10 जून 2026 को मेलबर्न स्थित पार्लियामेंट ऑफ विक्टोरिया में आयोजित किया जाएगा। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विश्व की 25 विशिष्ट विभूतियों को भारत गौरव अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया कि भारत गौरव अवार्ड विश्व भर में रह रहे भारतीयों के लिए एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मान बन चुका है। इससे पहले इसका आयोजन ब्रिटिश संसद लंदन, फ्रांस की सीनेट, संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय न्यूयॉर्क तथा दुबई जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर किया जा चुका है। इस समारोह में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, जर्मनी, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका, सिंगापुर, मलेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, इटली, स्विट्जरलैंड, स्पेन, पोलैंड, थाईलैंड और हांगकांग सहित 18 देशों से भारतीय समुदाय के प्रतिनिधि और प्रवासी भारतीय भाग लेंगे। आयोजन के माध्यम से वैश्विक भारतीय समुदाय को एक मंच पर लाकर सांस्कृतिक सहयोग, नवाचार, नेतृत्व और भारत के भविष्य निर्माण में उनकी भूमिका पर सार्थक संवाद किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समारोह से जुड़कर प्रवासी भारतीयों और सम्मानित होने वाली प्रतिभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं कार्यक्रम संयोजक सुनील खेतपालिया ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथियों में मेहंदीपुर बालाजी धाम के अध्यक्ष महंत डॉ. नरेश पुरी महाराज, विक्टोरिया सरकार के पर्यावरण मंत्री स्टीव डिमोपोलोस, विक्टोरियन मल्टीकल्चरल कमीशन की अध्यक्ष विवियन विव गुयेन एएमए विक्टोरियन संसद के सांसद मेंग हेंग टाक तथा महाकुंभ के मुख्य सलाहकार राकेश के. शुक्ला शामिल होंगे।

## पार्षद रैगर के जन्मदिन पर गौसेवा, पौधारोपण और अनाथ आश्रम में फल वितरण

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्षद त्रिलोक रेगर के जन्मदिन के अवसर पर श्री बालाजी गौसेवा समिति, तारानगर में गोवंश को गुड़ एवं दलिया खिलाया तथा मंदिर परिसर में पौधारोपण कर रैगर के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पार्षद रैगर ने भाग्यश्री अनाथ आश्रम तारानगर में पहुंचकर प्रभु प्यारे को माला पहनाकर स्वागत किया और फल वितरण किया । इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश जांगिड़, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जमरदीन तेली, विधानसभा प्रभारी अजीत सिंह राठौड़, नगर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, सुरेश मित्तल, वीरबहादुर सिंह, हरी इंदोरिया, जगमोहन राहड़, मनोहर लाल सैनी, रामचंद्र शर्मा, विजय सोनी, मोहम्मद समीर, पवन शर्मा, पवन स्वामी, विजय कुमार शर्मा, अंजनी स्वामी आदि अनेक कार्यकर्ता तथा लोग मौजूद थे।

# अमन की पहचान यह मेरे देश का झंडा : सलीम रजा

## कुल की रस्म के साथ उर्स हुआ सम्पन्न



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहर के बस स्टैंड के पास सैय्यद उमराव शहीद गाजी बाबा का 942 वां उर्स कूल की रस्म के साथ बुधवार देर रात को सम्पन्न हुआ। मुम्बई के कव्वाल सलीम रज्जा ने देश भक्ति कव्वाल है अमन की पहचान यह मेरा देश का झंडा है व जहां हम सब एक साथ रहे का माहौल हिंदुस्तान बना दिया। की प्रस्तुति देकर देशभक्ति का माहौल बना दिया। दिल्ली से आये कव्वाल छोटे असलम साबरी ने ष् क्यों आकर के रो रहा है मुहम्मद के शहर में तथा अन्य कव्वाल दारो ने अपनी अपनी कव्वाली पेश की। कार्यक्रम में कव्वालियों का दौर देर रात तक जारी रहा। कव्वालियों को सुनने के लिए लाडनूँ शहर के अलावा आसपास के गांवों से श्रोताओं पहुंचे। बड़ा बास ईदगाह के शहर काजी सैय्यद मोण्अली ने प्रोग्राम में अपना बयान पेश किया।

# नकबजनी का माल खरीदने का आरोपी गिरफ्तार

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी पुलिस ने नकबजनी का माल खरीदने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने गहनों को गलाकर बनाई गई छड़ भी बरामद की है। थानाधिकारी मोहनलाल ने बताया कि 12 जनवरी को वार्ड 19 निवासी शीला पांडे ने रिपोर्ट दी कि 11 जनवरी को सुबह 8:30 पर वह घर के ताला लगाकर जयपुर गई थी। शाम के समय करीब 7 बजे घर पर वापस आई और मेन गेट का ताला खोलकर मकान में आकर उपर गई तब मैनें देखा दोनों कमरों के ताले टुटे हुए थे सीसीटीवी कैमरे टुटे हुए थे किसी अज्ञात व्यक्ति ने मेरे बैड में रखे नकद रुपये व अलमारी में रखे जेवरात चोरी कर लिये तथा कमरो में तोडफोड़ कर डीवीआर भी चोरी कर ले गया। मामले को लेकर एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने विशेष टीम का गठन किया गया। जिस पर पुलिस टीम ने नकबजनी का माल खरीदने के आरोपी राकेश निवासी वार्ड नं 20 खेतड़ी को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान पुलिस ने खरीदा हुआ सामान सोना-चांदी के जेवरात गलाई हुई स्थिति में सोने व चांदी की गली हुई छड के रूप में व अन्य जेवरात बरामद किये गये। मामले में पुलिस ने पूर्व में आरोपी सोमवीर उर्फ मोटु को गिरफ्तार किया जाकर सोने चांदी के जेवरात व नकदी तथा चोरी के रूपयों से खरीदा हुआ मोबाईल बरामद किया गया तथा आरोपी जयसिंह को गिरफ्तार किया जाकर घटना में प्रयुक्त वाहन महिन्द्रा थार डीआई जीप को जब्त किया जा चुका है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी मोहनलाल, एएसआई कैलाश कुमार, एचसी महेश कुमार, पवन कुमार, कांस्टेबल राजवीर सिंह, नीरज आदि शामिल थे। कस्बे में हुई चोरी की वारदातों का खुलासा करने में कांस्टेबल राजवीर सिंह की विशेष भूमिका रही।

# निःशुल्क विशाल कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर कल

निसं

**टमकोर ( नवयत्न )।** जनहित एवं स्वास्थ्य जागरूकता को समर्पित एक महत्वपूर्ण पहल के तहत टमकोर स्थित महात्मा महाप्रज्ञ हॉस्पिटल में 6 जून, शनिवार को राजस्थान ग्रामीण बैंक के सौजन्य से तथा महात्मा महाप्रज्ञ हॉस्पिटल, टमकोर एवं आचार्यश्री तुलसी क्षेत्रीय कैंसर अनुसंधान केंद्र, बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क विशाल कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अजित चोरड़िया व बैंक प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि इस शिविर में कैंसर रोगों से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों की स्वास्थ्य जांच, आवश्यक परामर्श एवं मार्गदर्शन पूर्णतः निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। विशेष रूप से महिलाओं में होने वाले कैंसर (स्तन कैंसर, गर्भाशय एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर आदि) की प्रारंभिक जांच एवं परामर्श की सुविधा भी निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। विशेषज्ञ चिकित्सक कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों, बचाव के उपायों तथा समय पर उपचार के महत्व के बारे में भी जानकारी प्रदान करेंगे। इसके साथ ही राजस्थान ग्रामीण बैंक द्वारा एक वित्तीय समावेशन एवं वित्तीय साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बैंक अधिकारियों द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी बैंकिंग योजनाओं, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा डिजिटल बैंकिंग सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। आमजन को वित्तीय साक्षरता एवं बैंकिंग सुविधाओं के प्रति जागरूक करने का भी प्रयास किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ प्रातः 9 बजे महात्मा महाप्रज्ञ हॉस्पिटल परिसर में किया जाएगा। क्षेत्र के सभी नागरिकों, विशेषकर महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं तथा अपने परिवार एवं परिचितों को भी इस जनहितकारी शिविर की जानकारी दें।

# शिक्षा के क्षेत्र में लाटा का योगदान अविस्मरणीय

## 8वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** आदर्श ग्रुप ऑफ एजुकेशन के संस्थापक निदेशक एवं सरदारशहर के शिक्षा जगत के प्रेरणास्रोत स्वर्गीय चतुर्थीलाल लाटा की 8वीं पुण्यतिथि पर संस्था परिसर में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा शहर के गणमान्य नागरिकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए संस्था के निदेशक गिरीश लाटा ने कहा कि स्वर्गीय चतुर्थीलाल लाटा ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम मानते हुए आदर्श ग्रुप ऑफ एजुकेशन की मजबूत नींव रखी थी। उन्होंने अपने दूरदर्शी चिंतन, अथक परिश्रम और शिक्षा के प्रति समर्पण के बल पर एक ऐसे शैक्षणिक संस्थान की स्थापना की, जिसने हजारों विद्यार्थियों के जीवन को नई दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि स्व. लाटा का सपना केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं था बल्कि ऐसे संस्कारवान, जिम्मेदार और योग्य नागरिक तैयार करना था, जो समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा का ही परिणाम है कि आज आदर्श ग्रुप ऑफ एजुकेशन से शिक्षा प्राप्त कर हजारों विद्यार्थी देश-विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं तथा संस्था का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। गिरीश लाटा ने कहा कि आदर्श ग्रुप ऑफ एजुकेशन आज जिस मुकाम पर पहुंचा है, उसमें स्वर्गीय चतुर्थीलाल लाटा के संघर्ष, त्याग, दूरदर्शिता और उत्कृष्ट शैक्षणिक दृष्टिकोण का अमूल्य योगदान है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा की अलख जगाने का कार्य किया और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का प्रयास किया। संस्था आज भी उनके द्वारा दिए गए संस्कारों, मूल्यों और शिक्षा की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। सभा में प्रधानाचार्य राधेश्याम बढ़ाढरा, कॉलेज प्राचार्य डॉ मनीषा वर्मा, छात्रा विंग प्रभारी राधा सारस्वत, नारायण लाटा, रामकुमार शर्मा, कपिल सारस्वत, अभिमन्यु लाटा सहित अनेक वक्ताओं ने स्वर्गीय चतुर्थीलाल लाटा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें शिक्षा के क्षेत्र का दूरदर्शी व्यक्तित्व बताया। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन शिक्षा के प्रसार, सामाजिक जागरूकता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित किया। उनका जीवन संघर्ष, सेवा और समर्पण की प्रेरणादायी मिसाल है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलते हुए शिक्षा, संस्कार और समाज सेवा के कार्यों को और अधिक गति देने तथा उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा में संस्था परिवार के सदस्य, शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जापान के त्सुकुबा विश्वविद्यालय और एनआईए के बीच सहयोग की नई पहल

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान एनआईए, जयपुर में जापान के प्रतिष्ठित त्सुकुबा विश्वविद्यालय के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग की संभावनाओं को तलाशने के उद्देश्य से संस्थान का विजिट किया। इस अवसर पर दोनों संस्थानों के बीच भविष्य में समझौता ज्ञापन एमओयू स्थापित करने तथा आयुर्वेद एवं आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में सहयोगात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर सार्थक चर्चा हुई। जापान के त्सुकुबा विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल में इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिसिन के उपाध्यक्ष प्रो. ओहनेदा ओसामु, इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ एंड एनवायरनमेंटल साइंसेज की प्रो. इसोडा हिरोको तथा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिसिन की डॉ. फुकुशिगे मिजुहो शामिल थीं। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर की ओर से कुलसचिव प्रो. अनीता शर्मा, प्रो. हेमन्त कुमार विभागाध्यक्ष, शल्य तंत्र, प्रो. अनुपम श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष, रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग, जे. पी. शर्मा संयुक्त निदेशक, प्रशासन, एवं चन्द्रशेखर शर्मा उपनिदेशक, सहित संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहे। दविजिट के दौरान दोनों संस्थानों के बीच संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, विद्यार्थी एवं संकाय विनिमय कार्यक्रमों, शैक्षणिक सहयोग, वैज्ञानिक प्रकाशनों तथा समन्वित चिकित्सा अनुसंधान को बढ़ावा देने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियों, अनुसंधान अवसंरचना, अस्पताल सेवाओं तथा आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की। इस अवसर पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के अधिकारियों ने संस्थान द्वारा संचालित आयुर्वेद शिक्षा, अनुसंधान एवं चिकित्सा सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

# प्रिंस के पीयूष एवं सुधीर एनडीए पासिंग आउट परेड में शामिल



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सीकर स्थित प्रिंस एनडीए एकेडमी के पूर्व छात्र पीयूष कुमार एवं सुधीर वैष्णव ने राष्ट्रीय रक्षा एकेडमी एनडीए के 150वें कोर्स की पासिंग आउट परेड में शामिल हुए।

पुणे के खड़कवासला स्थित एनडीए में तीन वर्ष का कठोर सैन्य प्रशिक्षण पूरा करने के बाद दोनों कैडेट अब एयर फोर्स एकेडमी एएफए, हैदराबाद में एक वर्ष का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इसके उपरांत वे भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में राष्ट्र सेवा का दायित्व संभालेंगे। इस गौरवपूर्ण अवसर पर प्रिंस एनडीए एकेडमी के एकेडमिक हेड पवन कुमावत एवं प्रबंध सदस्य निरूपम सुण्डा ने पासिंग आउट परेड में उपस्थित होकर दोनों कैडेट्स को शुभकामनाएं दीं।

# कर्मचारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## राजकीय अवकाश के दिनों में कार्य नहीं करने की मांग



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी में गुरुवार को राजस्थान कृषि पर्यवेक्षक, पटवारी एवं ग्राम विकास अधिकारी संयुक्त समन्वय समिति ने राज्य के कर्मचारियों से अवकाश के दिनों में कार्य लेने की प्रक्रिया पर आपत्ति जताते हुए मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा।

एसडीएम सुनील कुमार चौहान के मार्फत दिए ज्ञापन में राजकीय अवकाश के समय काम नहीं करवाने की मांग की है। कर्मचारियों ने बताया कि वर्ष 2008 से राज्य कर्मचारियों के लिए लागू पांच दिवसीय कार्य व्यवस्था का उद्देश्य कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ाना तथा उन्हें पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध कराना था। समिति ने आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों, शिविरों, ग्राम सभाओं, चौपालों एवं अन्य अभियानों का आयोजन प्रायः शनिवार, रविवार तथा राजकीय अवकाश के दिनों में किया जा रहा है। इससे कर्मचारियों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है तथा पारिवारिक जीवन भी प्रभावित हो रहा है। बड़े एवं मुख्य कार्यालयों में अवकाश के दिन कार्य लेने पर कर्मचारियों को अवकाश अथवा अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, जबकि पटवारी, कृषि पर्यवेक्षक एवं ग्राम विकास अधिकारियों के लिए ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। इसके कारण दूरस्थ क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारी लंबे समय तक अपने परिवार से दूर रहने को मजबूर हैं। समिति ने निर्णय लिया है कि भविष्य में शनिवार, रविवार एवं राजकीय अवकाश के दिनों में केवल आपातकालीन एवं संकट की स्थिति में ही कार्य किया जाएगा। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार की बैठक, शिविर, ग्राम सभा, चौपाल, निरीक्षण अथवा अन्य कार्यक्रमों में भाग नहीं लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उनकी मांगों पर जल्द कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया तो कर्मचारियों ने अवकाश के दिनों में कार्य बहिष्कार की चेतावनी भी दी है। इस मौके पर रमेश कुमार, रेणु मीणा, पवन कुमार, महेंद्र, चौथूराम सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# पानी को लेकर महिलाओं ने किया राज्य मार्ग जाम

## सड़क के दोनों तरफ लगी वाहनों की लंबी कतार

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** गोठड़ा के वार्ड नंबर पांच व रामदेव मोहल्ले में एक सप्ताह से पानी की सप्लाई नहीं होने पर आक्रोशित महिलाओं ने गुरूवार सुबह दस बजे गोठड़ा बाइपास स्थित शहीद धर्मपाल सैनी स्मारक स्थल के पास नेशनल मार्ग 311 जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। नेशनल मार्ग जाम होने की सूचना पर खेतड़ी नगर पुलिस मौके पर पहुंच कर महिलाओं को समझाईश कर एक घंटे बाद जाम खुलवाया। जाम लगने से सड़क के दोनों तरफ लम्बी वाहनों की लाईन लग गई। विरोध प्रदर्शन कर रही हेमलता, अंजू आदि महिलाओं ने जलदाय विभाग के खिलाफ मनमर्जी से पानी सप्लाई करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी के चलते सबसे ज्यादा पानी की आवश्यकता होती है लेकिन जलदाय विभाग एक सप्ताह से गोठड़ा के वार्ड नंबर पांच व रामदेव मोहले में पानी की सप्लाई कर रहा है वह भी न के बराबर, जिसमें भी एक दो बाल्टी पानी की सप्लाई की जाती है। उन्होंने बताया कि दोनों वार्ड में रहने वाले अधिकांश लोग मजदुरी करने वाले है, उनकी स्थिति नहीं की वह पानी के टैंकरों से पानी भरवा ले। जाम की सूचना पर एएसआई रमेश शर्मा पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंच कर महिलाओं को समझाने का प्रयास किया लेकिन महिलाआएं पानी की जल्द सप्लाई की मांग को लेकर अड़ी रही। महिला पुलिस ने महिलाओं को समझाईश कर एक घंटे बाद जाम खुलवाया। पुलिस द्वारा जाम खुलवाने पर कुछ महिलाओं ने विरोध करते हुए वाहनों के आगे खड़ी हो गई जिससे पुलिस ने महिलाओं को वाहनों के आगे से हटा कर वाहनों को निकाला। जाम खुलने के बाद जलदाय विभाग के अधिकारी एईएन दौलतराम, जेईएन ऋचा धवन मौके पर पहुंच कर पानी की सप्लाई शुक्रवार सुबह देने का आश्वासन दिया। दौलतराम ने बताया कि एलएनटी कंपनी द्वारा टंकियों में पानी दिया जाता है लेकिन दो दिन से एलएनटी कंपनी की लाईन लिकेज होने के कारण पानी की सप्लाई नही हो पाई, लाईन को बुधवार देर रात्री में ठीक कर दिया गया है, शुक्रवार सुबह पानी की सप्लाई कर दी जाएगी। इस संबंध में गोठड़ा सरपंच प्रतिनिधि हरिराम गुर्जर ने कहा कि गोठड़ा में प्रतिदिन बीस लाख लीटर पानी देने के लिए समझौता हुआ है लेकिन जलदाय विभाग चार-पांच लाख लीटर ही पानी दे रहा है जिससे गोठड़ा ग्राम पंचायत में पानी की सप्लाई बराबर नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि अगर जलदाय विभाग द्वारा सूचारू रूप से पानी की सप्लाई नहीं की तो नेशनल मार्ग 311 पर जाम लगाने की चेतावनी दी। सैकड़ों महिलाओं ने जाम लगा कर मटके फोड़कर विरोध प्रदर्शन किया।

### चार महिने से टूटी हुई है लाइन

भीषण गर्मी के चलते क्षेत्र में पानी की किल्लत बढ़ने लगी है। वहीं कुंभाराम नहर के पानी की सप्लाई भी नहीं हो पाने के बाद हालात और भी खराब होते जा रहे हैं, कुंभाराम नहर सप्लाई योजना का रखरखाव करने वाली कंपनी एलएनटी की भी बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। नानूवाली बावड़ी के पास राइजिंग लाइन जो गांव को सप्लाई करती है, पानी की वह लाइन पिछले 4 महीने से टूट्टी पड़ी है, बार-बार ग्रामीणों विरोध प्रदर्शन करने व ज्ञापन देने के बावजूद लाईन दुरूस्त नहीं की जा रही, जिसके चलते गोठड़ा, नानूवाली बावड़ी, मानोता सहित कई गांव में पानी की सप्लाई पूरी तरह से नहीं हो पा रही है इससे भी ग्रामीण महिलाओं व पुरुषों में आक्रोश पनपता जा रहा है।



### अधिकारी एक दूसरे पर आरोप लगा कर झाड़ रहे है पल्ला

क्षेत्र में पानी की सुचारू रूप से सप्लाई नहीं होने के कारण आमजन में आक्रोश देखने को मिल रहा है, ग्रामीण पानी की समस्या को लेकर जलदाय विभाग से शिकायत करते है तो वह एलएनटी कंपनी पानी नहीं दे रही यह बोल कर अपना पल्ला झाड़ लेते है, एलएनटी कंपनी के अधिकारी बालते है कि पानी की सप्लाई का कार्य उनका नहीं है। गोठड़ा ग्राम पंचायत के वार्ड पांच व रामदेव मोहले में एक सप्ताह से पानी की सप्लाई नहीं करने का आरोप जलदाय विभाग के अधिकारी एलएनटी कंपनी पर लगा रहे है। जलदाय विभाग के एईएन दौलतराम ने पानी की सप्लाई नहीं होने का कारण एलएनटी कंपनी द्वारा बताया गया, उन्होंने कहा कि एलएनटी कंपनी द्वारा पानी नहीं दिया गया। इस संबंध में एलएनटी कंपनी के एक्सईएन प्रोजेक्ट विक्रम सिंह ने बताया कि उनका कार्य पानी टंकी तक पहुंचाने का है, घर-घर सप्लाई का कार्य रीजनल का है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन टंकियों में पानी भरा जा रहा है, पानी खोलने वाले सही तरीके से पानी नहीं खोलते जिसके चलते पानी की सप्लाई सही नहीं हो पाती।

# बीज और फसल सुरक्षा उत्पादों के साथ किसानों की उत्पादकता बढ़ाएगा श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के प्रभाग श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स ने किसानों की उत्पादकता और आय बढ़ाने के उद्देश्य से आधुनिक फसल सुरक्षा, स्पेशलिटी प्लांट न्यूट्रिशन उत्पादों तथा सब्जियों के नए बीज लॉन्च किए हैं। जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख चैनल पार्टनर्स और करीब 2000 डीलर्स ने भाग लिया। कार्यक्रम का सीधा



प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से भी किया गया। कंपनी ने फसल सुरक्षा श्रेणी में श्रीराम सेनकुशा और श्रीराम जार्विन लॉन्च किए हैं। जापानी तकनीक आधारित सेनकुशा उच्च मूल्य वाली कृषि एवं बागवानी फसलों को कीटों और थ्रिप्स से सुरक्षा प्रदान करता है, जबकि जार्विन पेटेंटेड फंगीसाइड है, जो लेट ब्लाइट और डाउनी मिल्ड्यू जैसी बीमारियों के नियंत्रण में सहायक है। स्पेशलिटी प्लांट न्यूट्रिशन श्रेणी में श्रीराम फर्मप्लस और श्रीराम सिम्बियो पेश किए गए हैं। फर्मप्लस सिलिकॉन-फोर्टिफाइड तकनीक के माध्यम से उपज की गुणवत्ता और शेल्फ लाइफ बढ़ाने में मदद करता है, जबकि सिम्बियो मिट्टी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाकर पौधों को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराता है। कंपनी ने सब्जी बीज श्रेणी में श्रीराम 2628 अर्ली पिकिंग हाइब्रिड टमाटर बीज भी लॉन्च किया, जो बेहतर गुणवत्ता और अधिक उत्पादन देने के लिए विकसित किया गया है। इस अवसर पर संजय छाबड़ा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं बिजनेस हेड, श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स ने कहा कि कंपनी किसानों तक आधुनिक बीज, फसल सुरक्षा और पोषण समाधान पहुंचाकर कृषि को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ये उत्पाद किसानों को बेहतर उत्पादन के साथ अधिक लाभ अर्जित करने में मदद करेंगे।

# अणुव्रत विश्व भारती की अपील पर आज विश्व पर्यावरण दिवस को 2 घंटे ए. सी. बंद रखें-व्यास

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा अणुव्रत समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार व्यास ने 4 जून 2026 को नोखा सहित पूरे देश के लोगों से अपील करते हुए कहा कि अणुव्रत विश्व भारती के निर्देशानुसार व पिछले दिनों नोखा में अणुव्रत समिति में सर्व सम्मति से लिए गये निर्णय अनुसार 5 जून 2026 को विश्व पर्यावरण दिवस के दिन देश के सभी नागरिकों को प्रकृति के सम्मान में दोपहर 2 बजे से सायं 4 बजे तक अपने घरों, प्रतिष्ठानों आदि सभी जगह बंद रखना



चाहिए। नोखा के उपकोषाधिकारी एंव अणुव्रत समिति नोखा के अध्यक्ष रमेश कुमार व्यास ने देश के सभी नागरिकों सहित अणुव्रत समिति नोखा से इस आशय की अपील करते हुए सहयोग का आग्रह किया है। ज्ञात रहे इसी क्रम में अगले कुछ दिनों में राजकीय राठी स्कूल के खेल मैदान में वर्षा आने के साथ ही बड़ी तादाद में वृक्षारोपण कार्य किया जावेगा जिसकी तैयारियां करली गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190

## सम्पादकीय

# अंधेरगर्दी की आग




दिल्ली में अवैध तरीके से विस्तारित हो रहे एक भवन के गिरने की चर्चा थमी भी नहीं थी कि एक होटल में आग लगने से 21 लोग मारे गए और कई गंभीर रूप से घायल हो गए। मरने वालों में अधिकांश वे हैं, जो पड़ोस के अस्पताल में अपने स्वजनों के उपचार के लिए आए थे। इनमें कई विदेशी भी थे। आग होटल के बेसमेंट में स्थित रेस्त्रां में लगी। आग लगने का कारण कुछ भी हो, उसने इसलिए विकराल रूप ले लिया, क्योंकि रेस्त्रां और 25 कमरों वाले इस होटल में निकास का दरवाजा एक ही था। इससे भी खतरनाक बात यह थी कि न तो आग से बचाव के उपाय थे और न ही अग्निशमन विभाग का अनापत्ति प्रमाणपत्र। साफ है कि अग्निशमन विभाग ने यह देखने की जहमत नहीं उठाई कि इस होटल में आग से बचाव के उपाय हैं या नहीं?

तथ्य यह भी है कि इस होटल में कई कमरे अवैध तरीके से निर्मित हुए। छह की जगह 25 कमरे बना दिए गए और इस तरह एक छोटा होटल बड़े होटल में तब्दील हो गया। कहीं पर किसी भी भवन में अवैध निर्माण इस तरह करना संभव नहीं कि वह किसी को दिखे नहीं, पर दिल्ली ही नहीं, देश भर में स्थानीय निकायों के अधिकारी-कर्मचारी कुछ ले-देकर न केवल अवैध निर्माण होने देते हैं, बल्कि सुरक्षा उपायों की उपेक्षा भी। नतीजा यह है कि रह-रह कर आग लगने की जानलेवा घटनाएं होती रहती हैं।

जनहानि वाली हर घटना के बाद गहन जांच और दोषियों को सख्त सजा देने की बड़ी-बड़ी बातें होती हैं, पर होता कुछ नहीं है। इस बार भी कुछ न हो तो हैरानी नहीं, क्योंकि हमारे औसत शासक-प्रशासक गंभीर हादसों से भी सबक न लेने के आदी हो गए हैं। स्थानीय निकायों के वे अधिकारी-कर्मचारी कभी कठोर दंड का पात्र नहीं बनते, जो अवैध निर्माण और सुरक्षा उपायों की अनदेखी के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार होते हैं। संबंधित मंत्री की भी कोई जवाबदेही नहीं तय होती। बहुत होता है तो एक-दो अधिकारियों-कर्मियों का निलंबन हो जाता है। इसके बाद सब शांत हो जाता है और जांच रपटें धूल फांकती रहती हैं एवं हादसों को निमंत्रण देने वाला निर्माण होता रहता है। नगर निकायों के बेलगाम भ्रष्टाचार के कारण होने वाले अवैध निर्माण के चलते ही देश भर में रिहायशी इलाके व्यावसायिक गतिविधियों के केंद्र बनते जा रहे हैं। सरकारें बदल जाती हैं, नगर निकायों के अधिकारी भी बदल जाते हैं, लेकिन यदि कुछ नहीं बदलता तो अवैध निर्माण और सुरक्षा उपायों की अनदेखी का सिलसिला। यह जानलेवा और शर्मनाक सिलसिला लोगों की जानें ही नहीं ले रहा है, देश की बदनामी कराने के साथ विकसित भारत की अपेक्षाओं पर पानी भी फेर रहा है। बार-बार पहले जैसे कारणों से हादसे होना अंधेरगर्दी, नाकारापन और नियामकीय बेशर्मी के अतिरिक्त और कुछ नहीं।

## विशेष आलेख

# समुद्री रणनीति का प्रमुख केंद्र ग्रेट निकोबार



सदियों पहले कौटिल्य ने कहा था कि जो राज्य अपनी सीमाओं, साझेदारियों और व्यापार मार्गों की सुरक्षा नहीं करता, वह अपने भविष्य को भी सुरक्षित नहीं रख सकता। कौटिल्य की यह सीख आज कहीं अधिक प्रासंगिक हो गई है। आज देशों की परीक्षा केवल उनकी अर्थव्यवस्था के आकार या सैन्य ताकत से नहीं हो रही, बल्कि इससे हो रही है कि वे भूगोल को कितनी अच्छी तरह समझते हैं, भविष्य का कितना सही अनुमान लगाते हैं और अवसर के खतरे में बदलने से पहले कितनी तेजी से निर्णय लेते हैं। ग्रेट निकोबार परियोजना भारत के लिए ऐसी ही एक बड़ी परीक्षा है। इस क्षेत्र को दशकों से उसके हाल पर छोड़कर उपेक्षित बना दिया गया था। स्वतंत्रता के पश्चात भी लंबे समय तक भारत का सामरिक सोच मुख्य रूप से स्थल-आधारित रहा। जबकि इस दौरान दुनिया बहुत बदल भी गई है।

ग्रेट निकोबार भारत की अग्रिम समुद्री चौकी है। इसके प्रस्तावित विकास को केवल एक अवसंरचना परियोजना के रूप में नहीं देखा जा सकता। यह मात्र एक बंदरगाह, हवाई अड्डा, टाउनशिप या बिजली संयंत्र बनाने का प्रश्न नहीं है। वास्तव में यह भारत के लिए एक परीक्षा है कि क्या भारत इस विलक्षण भौगोलिक बढ़त को सामरिक शक्ति में रूपांतरित करने के लिए तैयार है या नहीं। ग्रेट निकोबार अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह के सबसे बड़े द्वीपों में से एक है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 910 वर्ग किलोमीटर है। प्रस्तावित परियोजना का कुल क्षेत्रफल 166.10 वर्ग किमी है, जो समूचे द्वीप समूह के कुल क्षेत्रफल का केवल लगभग दो प्रतिशत है।

इसमें से 130.75 वर्ग किमी वन भूमि को परियोजना के लिए उपयोग में लाने का प्रस्ताव है, जो द्वीप समूह के कुल वन क्षेत्र का लगभग 1.82 प्रतिशत है। यह हिस्सा दक्षिण-पूर्व एशिया के निकट स्थित है तथा मलक्का स्ट्रेट, 60 चैनल, सुंडा स्ट्रेट और लोंबोक स्ट्रेट जैसे प्रमुख वैश्विक समुद्री मार्गों के समीप आता है। सामरिक दृष्टि से देखें तो इस क्षेत्र को भारत की पूर्वी समुद्री चौकी की संज्ञा दी जा सकती है। इसका महत्व तब और स्पष्ट हो जाता है जब इसे केवल भूभाग के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि महासागरीय रणनीति के व्यापक परिप्रेक्ष्य से देखा जाए। जिस तरह से हिंद महासागर क्षेत्र अब एक बड़ी वैश्विक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बन चुका है, उसे देखते हुए भविष्य की रणनीति के लिहाज से इस क्षेत्र की महत्ता और बढ़ गई है।

हाल की एक महत्वपूर्ण प्रगति यह है कि अंडमान सागर को थाईलैंड की खाड़ी से जोड़ने वाली दशकों पुरानी कैनल परियोजना को स्थगित कर दिया गया है। इसके स्थान पर अब लगभग 90 किमी लंबे मल्टी-मोडल लैंड ब्रिज की योजना अंतिम स्वीकृति की प्रतीक्षा में है।

यह परियोजना टेंथ पैरेलल के साथ दो गहरे समुद्री बंदरगाहों को जोड़ेगी। एक अंडमान सागर के किनारे रणोंग में और दूसरा थाईलैंड की खाड़ी के किनारे चुंफोन में। इसके अलावा हाई स्पीड रेल, मल्टी लेन सड़क, तेल एवं गैस के लिए ऊर्जा पाइपलाइनें तथा वायु एवं डिजिटल ग्रिड भी प्रस्तावित हैं। ये सभी कारक हिंद-प्रशांत व्यापार मार्गों को पुनर्परिभाषित कर रहे हैं और आर्थिक शक्ति का केंद्र सीधे अंडमान बेसिन की ओर स्थानांतरित कर रहे हैं।

मलक्का स्ट्रेट की बात करें तो यह विश्व के सबसे महत्वपूर्ण सामुद्रिक चोक पाइंट्स में से एक है। यह हिंद महासागर को प्रशांत महासागर से जोड़ता है और अत्यंत मूल्यवान ऊर्जा संसाधनों की आवाजाही तथा वैश्विक व्यापार का प्रमुख मार्ग है। ग्रेट निकोबार की गलाथिया खाड़ी 60 चैनल से लगभग 45 किमी दूर है, जो मलक्का स्ट्रेट को अफ्रीका, पश्चिम एशिया और यूरोप की ओर जाने वाले समुद्री मार्गों से जोड़ती है। अनुमान है कि हर साल लगभग एक लाख जहाज मलक्का स्ट्रेट 60 चैनल मार्ग से गुजरते हैं। मलक्का, सुंडा और लोंबोक जैसे सामरिक चोक पाइंट्स के निकट होने के कारण यह द्वीप भारत को अत्यंत महत्वपूर्ण सामरिक बढ़त प्रदान करता है। कोई भी गंभीर सामुद्रिक शक्ति ऐसे भौगोलिक तथ्यों की उपेक्षा करने का जोखिम नहीं उठा सकती।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल यानी एनजीटी ने समुचित जांच-पड़ताल और आपत्तियों के निस्तारण के बाद यह स्वीकार किया कि यह परियोजना केवल द्वीप और उसके आसपास के सामरिक क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक प्रभाव के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सामुद्रिक शक्ति केवल भूगोल से नहीं बनती, वह भौगोलिक परिस्थितियों का उपयोग करने की आवश्यक क्षमता विकसित करने से निर्मित होती है। ग्रेट निकोबार भारत को यह सब एक संतुलित एवं विशिष्ट भारतीय दृष्टिकोण के साथ साकार करने का अवसर प्रदान करता है। यह व्यापार को बढ़ावा दे सकता है और राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ कर सकता है। विदेशी ट्रांसशिपमेंट केंद्रों पर निर्भरता कम कर सकता है। साथ ही भारत की सामुद्रिक पहुंच को विस्तारित कर सकता है तथा दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए एक प्रवेश द्वार और व्यापक हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए एक सामरिक मंच के रूप में कार्य कर सकता है। ग्रेट निकोबार में एक ट्रांसशिपमेंट पोर्ट भारत की उस सामग्री पर निर्भरता को कम कर सकता है, जिसे वर्तमान में विदेशी बंदरगाहों के माध्यम से ट्रांसशिप किया जाता है। इस परियोजना से आपूर्ति श्रृंखला सुदृढ़ होगी, निवेश आकर्षित होगा, रोजगार के अवसर सृजित होंगे और भारत को अपनी सामग्री की आवाजाही पर अधिक नियंत्रण एवं निश्चितता प्राप्त होगी।

निस्संदेह ग्रेट निकोबार पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। इस स्तर की किसी भी परियोजना को पारिस्थितिकीय सावधानी, कानूनी अनुपालन, वैज्ञानिक निगरानी और हरसंभव उपायों के साथ लागू किया जाना चाहिए। विकास लापरवाह नहीं हो सकता, लेकिन पर्यावरणीय संवेदनशीलता को सामरिक चिंतन पर स्थायी वीटो का आधार भी नहीं बनाया जा सकता। इस संदर्भ में वास्तविक चुनौती राष्ट्रीय सुरक्षा को पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के साथ आगे बढ़ने की दिशा में संतुलन साधने की है।

## आज का राशिफल

### मेष
कष्ट, भय व चिंता का वातावरण बन सकता है। विवेक से कार्य करें। समस्या दूर होगी। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कारोबारी लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में शांति रहेगी। सहकर्मियों का साथ मिलेगा।

### वृष
अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत रहेंगे। ऐश्वर्य पर खर्च होगा।

### मिथुन
शत्रु शांत रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में प्रतिष्ठित अतिथियों का आगमन हो सकता है। व्यय होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय बनी रहेगी। दुष?टजनों से दूर रहें। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

### कर्क
व्यापार-व्यवसाय में बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। निवेश शुभ रहेगा। भाग्य का साथ रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विवाद से दूर रहें।

### सिंह
आराम का समय मिलेगा। आशंका-कुशंका रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं, प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

### कन्या
भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार प्राप्ति सहज ही होगी। व्यावसायिक यात्रा से लाभ होगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। निवेशादि शुभ रहेंगे। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। किसी बड़ी समस्या का हल प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

### तुला
वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। शारीरिक शिथिलता रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। किसी अपने का व्यवहार प्रतिकूल रहेगा। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। नौकरी में अपेक्षानुरूप कार्य न होने से अधिकारी की नाराजी झेलना पड़ेगी।

### वृश्चिक
कुसंगति से बचें। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड में सोच-समझकर हाथ डालें।

### धनु
कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धनार्जन होगा।

### मकर
व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। समय का अपव्यय होगा। दूर से दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश होगा। काम में मन नहीं लगेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति विशेष से अनबन हो सकती है। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### कुंभ
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। शुभ समाचार मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा।

### मीन
यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। थकान महसूस होगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल रहेंगे। धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# लैवेंडर ऑयल का इस्तेमाल कर पाएं इन समस्याओं से छुटकारा

मन को शांत कर देने वाला लैवेंडर का फूल सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसके फूलों से बना लैवेंडर एसेंशियल ऑयल सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसका इस्तेमाल तनाव, स्ट्रेस जैसी मानसिक समस्याओं को दूर करने के अलावा कई बीमारियों में भी फायदेमंद होता है। स्टीम डिस्टिलेशन प्रोसेस द्वारा लैवेंडर के फूलों से तैयार किया गया तेल बालों और स्किन के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। नींद न आने की समस्या हो या शरीर को रिलैक्स करना हो लैवेंडर ऑयल इन सभी परेशानियों को दूर करने के लिए बहुत फायदेमंद होता है। शरीर की अकड़न दूर करने और संक्रमण से निजात दिलाने के लिए भी लैवेंडर के फूल बहुत फायदेमंद होते हैं। लैवेंडर एसेंशियल ऑयल में कई ऐसे गुण मौजूद होते हैं, जो माइंड को रिलैक्स करने और शरीर की कई समस्याओं को दूर करने के लिए बहुत उपयोगी माने जाते हैं।



इसका इस्तेमाल कई तरह की थेरेपी में भी किया जाता है।

**तनाव और मानसिक परेशानियों में फायदेमंद :** तनाव और डिप्रेशन जैसी मानसिक समस्याओं में लैवेंडर ऑयल का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। लैवेंडर एसेंशियल ऑयल में एंटी-डिप्रेसन्ट गुण मौजूद होते हैं, जो डिप्रेशन, तनाव और चिंता की समस्या में बहुत फायदेमंद है। टी-ट्री ऑयल के साथ लैवेंडर एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल इन समस्याओं में बहुत फायदेमंद होता है।

**स्किन के लिए फायदेमंद :** लैवेंडर एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल स्किन के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद गुण स्किन का कोलेजन बढ़ाने का काम करते हैं। लैवेंडर एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल करने से आपको सूजन, दर्द और घाव भरने में फायदा मिलता है। कटने या जलने की वजह से स्किन पर हुए घाव को जल्दी भरने के लिए भी लैवेंडर एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है।

**बेहतर नींद के लिए फायदेमंद :** अच्छी नींद के लिए लैवेंडर एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इसका इस्तेमाल माइंड को रिलैक्स करने और नींद को बढ़ाने देने के लिए बहुत फायदेमंद होता है। लैवेंडर एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल अरोमाथेरेपी में अच्छी नींद के लिए किया जाता है।

**जी मिचलाने और उल्टी में फायदेमंद :** प्रेग्नेंसी के दौरान जी मिचलाने और उल्टी की समस्या में लैवेंडर एसेंशियल ऑयल का इस्तेमालफायदेमंद होता है। कई शोध भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि अरोमाथेरेपी के माध्यम से लैवेंडर ऑयल का इस्तेमाल जी मिचलाने और उल्टी की समस्या में बहुत फायदेमंद होता है।

**ब्लोटिंग और पेट की समस्याओं में फायदेमंद :** ब्लोटिंग की समस्या में लैवेंडर एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है।

इसका इस्तेमाल कब्ज, आंत से जुड़ी परेशानी और पाचन के लिए भी फायदेमंद होता है। लैवेंडर एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल इन समस्याओं में करने से पहले डॉक्टर या एक्सपर्ट की सलाह जरूर लेनी चाहिए।

# विटामिन ई से भरपूर होती हैं यह फल और सब्जियां, रोजाना करें सेवन

विटामिन ई स्वास्थ्य के लिए काफी हेल्दी मानी जाती है। यह मुख्य रूप से आपकी स्किन और बालों के लिए लाभकारी होती है। इसके साथ ही विटामिन ई से हड्डियां और टिश्यूज का विकास बेहतर तरीके से किया जा सकता है। विटामिन ई एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट्स है, जो हमारी कोशिकाओं को फ्री-रेडिकल्स से बचाव करने में मददगार हो सकता है। नियमित रूप से आहार में विटामिन ई को शामिल करने से मोटापा कंट्रोल हो सकता है। अक्सर हम विटामिन ई की कमी को कम करने के लिए कैप्सूल का सेवन करते हैं लेकिन हमारे आसपास कई ऐसी फल और सब्जियां हैं जिससे विटामिन ई की कमी को पूरा किया जा सकता है।

**एवोकाडो में है विटामिन ई :** एवोकाडो विटामिन ई का काफी अच्छा स्त्रोत होता है। यह एक ऐसा फल है, जिसे आप कई तरीकों से खा सकते हैं। साथ ही स्किन पर भी लगा सकते हैं। अगर आपके शरीर में विटामिन ई की कमी है तो इसे नियमित रूप से अपने आहार में शामिल करें। इससे आपको काफी लाभ मिलेगा। एवोकाडो को छिलकर और इसके बीच निकालकर खाए जाते हैं। इसके अलावा सैंडविच और स्मूदी भी इससे तैयार किया जा सकता है, जो आपके स्वास्थ्य के लिए हेल्दी हो सकता है।

**पालक विटामिन ई से है भरपूर :** हरी सब्जियों की बात कि जाए तो पालक विटामिन ई का काफी अच्छा स्त्रोत होता है। इसमें कई तरह के अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं जो आपके समग्र स्वास्थ्य के लिए हेल्दी होते हैं। इसके साथ ही पालक में प्रोटीन, कैल्शियम और मैग्नीशियम भरपूर रूप से मौजूद होती हैं जो आपको हेल्दी रखने में असरदार है।


**कीवी का करें सेवन :** शरीर में विटामिन ई की कमी होने पर कीवी का सेवन करें। यह विटामिन सी का भी काफी अच्छा स्त्रोत होता है, जो आपकी इम्यूनिटी को बूस्ट कर सकता है। इसके अलावा कीवी का सेवन करने से शरीर में प्लेटलेट्स के स्तर को बढ़ा सकते हैं। इसका सेवन आप सीधेतौर पर कर सकते हैं। इसके अलावा कीवी का जूस और स्मूदी भी काफी स्वादिष्ट होता है। कई लोग कीवी से आइसक्रीम भी तैयार करके खाते हैं।

# वजन बढ़ाने के लिए रोज नाश्ते में खाएं प्रोटीन से भरपूर यह फूड्स, मिलेगी ताकत और एनर्जी

प्रोटीन हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी होता है। प्रोटीन से ही पूरा शरीर डेवलप होता है। बाल, त्वचा, आंखें, मसल्स सभी को प्रोटीन की जरूरत होती है। प्रोटीन सेल्स को रिपेयर करता है और नई कोशिकाओं के निर्माण में भी मदद करता है। प्रोटीन शरीर को मजबूत, ताकतवर बनाने में मदद करता है। इसलिए सभी लोगों को अपनी डाइट में प्रोटीन शामिल करने की सलाह दी जाती है।

**अंडा :** अंडा प्रोटीन से भरपूर होता है। एक बड़े अंडे में करीब 6.5 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है। ऐसे में अगर आप वजन बढ़ाना चाहते हैं, तो अंडे को अपनी हाई प्रोटीन ब्रेकफास्ट डाइट में शामिल कर सकते हैं। वजन बढ़ाने के लिए आपको अंडे का येलो और व्हाइट दोनों पार्ट खाने चाहिए। क्योंकि सफेद हिस्से में प्रोटीन होता है, वहीं पीले हिस्से में कैलोरी और हेल्दी फैट पाया जाता है। रोजाना नाश्ते में 1-2 अंडे खाने से आपका वजन धीरे-धीरे बढ़ सकता है। इसके अलावा अंडा विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स का भी अच्छा सोर्स होता है।

**बादाम :** बादाम एक ड्राई फ्रूट है, जो पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें फाइबर, विटामिन ई, मैग्नीशियम और पोटेशियम पाया जाता है। इसके अलावा बादाम प्रोटीन का भी बेहद अच्छा सोर्स होता है। 28 ग्राम बादाम में करीब 6 ग्राम प्रोटीन होता है।




इसलिए अगर आप वजन या मसल्स बढ़ाना चाहते हैं, तो अपनी ब्रेकफास्ट डाइट में बादाम को शामिल करना शुरू कर दें। इसके लिए आप रात को 8-10 बादाम भिगोकर रख दें। सुबह इनका छिलका निकालकर खा लें। रोजाना बादाम खाने से आपको वेट गेन में मदद मिल सकती है।

**कॉटेज चीज :** कॉटेज चीज एक प्रकार का चीज है, जिसमें फैट और कैलोरी कम होती है लेकिन प्रोटीन अधिक होता है। इसके अलावा कॉटेज चीज में कैल्शियम, फास्फोरस, सेलेनियम, विटामिन बी 12 और राइबोफ्लेविन जैसे पोषक तत्व भी पाए जाते हैं। हाई प्रोटीन ब्रेकफास्ट डाइट में आप कॉटेज चीज को शामिल कर सकते हैं। 17 ग्राम कॉटेज चीज में लगभग 3.96 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है। अपनी रेगुलर डाइट में कॉटेज चीज शामिल करके वजन को धीरे-धीरे बढ़ाया जा सकता है।

**दूध :** दूध में लगभग हर पोषक तत्व होता है, जिसकी शरीर को जरूरत होती है। दूध में कैल्शियम, विटामिन बी12 और प्रोटीन काफी अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। रोजाना नाश्ते में दूध पीने से वेट गेन में मदद मिल सकती है। इसके लिए आप दूध में केला या ड्राई फ्रूट्स आदि मिला सकते हैं। लेकिन अगर आपको दूध से एलर्जी है, तो आप काजू, बादाम या फिर नारियल का दूध पी सकते हैं।

**पीनट बटर :** पीनट बटर में प्रोटीन, फोलेट, मैग्नीशियम, विटामिन ई जैसे पोषक तत्व काफी अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। 28 ग्राम पीनट बटर में लगभग 7.30 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है। इसलिए अगर आप वजन बढ़ाना चाहते हैं, तो अपने हाई प्रोटीन ब्रेकफास्ट डाइट में पीनट बटर को जरूर शामिल करें। आप पीनट बटर को ब्राउन ब्रेड या सैंडवच आदि पर लगाकर खा सकते हैं। नियमित रूप से पीनट बटर खाने से आपको वेट गेन में काफी मदद मिल सकती है।

# विश्व पर्यावरण दिवस आज

निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जहां एक ओर जगह-जगह पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में हरे-भरे वृक्षों की लगातार कटाई चिंता का विषय बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि केवल पौधे लगाने से पर्यावरण संरक्षण संभव नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और बड़े पेड़ों की सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। क्षेत्र में विशेष रूप से राजस्थान के राज्य वृक्ष एवं पर्यावरण संतुलन के लिए महत्वपूर्ण माने जाने वाले खेजड़ी की अंधाधुंध कटाई होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार दांतारामगढ़ क्षेत्र के आसपास के गांवों से प्रतिदिन पिकअप, ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य वाहनों में हरी लकड़ी भरकर आरा मशीनों तक पहुंचाई जा रही है। सुरेरा, रेनवाल, कालाडेरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में लकड़ी की आपूर्ति लगातार जारी है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग और संबंधित अधिकारियों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के कारण हरे वृक्षों की कटाई पर रोक नहीं लग पा रही है। कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है, जबकि प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन लकड़ी लेकर गुजरते देखे जा सकते हैं। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि बढ़ती गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के पीछे वृक्षों की कमी भी एक बड़ा कारण है। आज लोगों को छायादार पेड़ों की पहले से अधिक आवश्यकता महसूस हो रही है, लेकिन इसके बावजूद पेड़ों की सुरक्षा को लेकर अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।

ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से मांग की है कि हरे वृक्षों की अवैध कटाई पर तत्काल रोक लगाई जाए, नियमित निगरानी की व्यवस्था की जाए तथा पर्यावरण दिवस के अवसर पर लगाए जाने वाले पौधों की देखभाल सुनिश्चित की जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को हरित और स्वच्छ वातावरण मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि पर्यावरण दिवस केवल एक दिन का आयोजन बनकर न रह जाए, बल्कि वर्षभर वृक्ष संरक्षण और पौधों की देखभाल के लिए ठोस प्रयास किए जाएं।

# किसान सभा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय में ग्रामीणों की पेयजल समस्या को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि रतनादेसर एवं बीनादेसर गांवों में जल जीवन मिशन आपणी योजना के तहत लगभग तीन वर्ष पूर्व पानी की टंकियों का निर्माण किया गया था, लेकिन आज तक ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिल पाया है तथा टंकियां बिना पानी के शोपीस बनी हुई हैं। किसान सभा तहसील अध्यक्ष कॉमरेड भादर भामू, किसान नेता रामकिशन भामू, विजयपाल कड़वासरा, गिरधारी घिंटाला, भीम सेना अध्यक्ष श्रवण तथा जाबिर हामूसर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र पेयजल आपूर्ति शुरू करवाने की मांग की। ज्ञापन के बाद उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार की अध्यक्षता में वार्ता आयोजित हुई, जिसमें आपणी योजना के एईएन एवं एक्सईएन भी उपस्थित रहे। वार्ता में प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि बीनादेसर से लाछड़सर के बीच गलत तरीके से डाली गई पानी की लाइन को हटाकर नए सिरे से सड़क के किनारे डाला जाएगा। साथ ही वर्तमान में उपलब्ध दो टैंकरों के स्थान पर पेयजल आपूर्ति के लिए चार टैंकर उपलब्ध करवाए जाएंगे, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। इस अवसर पर चांदखा हरिराजकुमा, राजकुमार गिल, बीनादेसर सरपंच तुलछीराम, केसराराम बेल्ड, डूंगर ब्राह्मण, नानूसिंह रतनादेसर, धनजी भिसू, तोलाराम बेल्ड, उदचंद बेरड़, ओमप्रकाश, श्रीभगवान शर्मा, नीरज शर्मा, मांगीलाल शर्मा, सुभाष शर्मा, मुकेश शर्मा, लालचंद शर्मा सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# यूडीएच मंत्री ने 25 करोड़ के विकास कार्यो की रखी नींव




निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार के नगरीय विकास एवं आवासन यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा गुरूवार को श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर है। मंत्री खर्रा ने भारणी के सरकारी स्कूल में आयोजित शिलान्यास समारोह के दौरान एनएच.113 भारणी स्टैंड से न्यू श्रीमाधोपुर डीएफसीसीआईएल स्टेशन तक 4 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 1.5 किलोमीटर सड़क तथा ग्राम भारणी में 7.38 करोड़ रुपए की पेयजल योजना का शिलान्यास किया। इसके बाद उन्होने जनसुनवाई की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री खर्रा ने कहा कि श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र में गुरूवार को लगभग 25 करोड़ रूपयों के विकास कार्यो का शिलान्यास किया जा रहा है। अगले पखवाड़ें में भी 20 करोड़ रूपयों के विकास कार्यो का शिलान्यास कर क्षेत्र के विकास कार्यो को गति देने का काम किया जाएगा। क्षेत्र के निवासियों से आह्वान करते हुए मंत्री खर्रा ने कहा इन विकास कार्यो पर सतत निगरानी रखे और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्माण हो, उसके लिए सहयोग करे ताकि ये विकास कार्य सीमाब तरीके और गुणवत्तापूर्ण बने जिससे जनता को लाभ मिले। इस दौरान मंत्री खर्रा ने उपस्थित लोगो को वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत पानी की बचत और पर्यावरण सरंक्षण की शपथ दिलाई। इस मौके पर एडवांस रिजल्ट में ऑल इंडिया तीसरी रैंक हासिल करने वाले झुंझुनू निवासी जतिन चाहर का साफा एवं माला पहनाकर सम्मान किया।

## इन विकास कार्यो का भी शिलान्यास

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा दोपहर बाद हांसपुर-अण्डरपास से बोहरा वाली ढाणी तक 84.22 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क, फूटाला सड़क से स्वामियों की ढाणी तक 90.42 लाख रुपए तथा रतनपुरा-नांगल सड़क से बुडानिया की ढाणी तक 65.31 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। मंत्री खर्रा सुराणी बांध पर 3.54 करोड़ रुपए की लागत से सुराणी बांध के जीर्णोद्धार एवं क्षमता संवर्धन कार्यक्रम में भाग लिया। वहीं कल्याणपुरा में 5.92 करोड़ रुपए की लागत की पेयजल योजना का शिलान्यास भी किया

## ये रहे मौजूद

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान उपखंड अधिकारी अनिल कुमार, बीडीओ सुनील कुमार ढाका, नगरपालिका ईओ डॉ. अशोक कुमार, तहसीलदार स्नेहलता राजोरिया, सीबीईओ सुमन शर्मा के अलावा पीडब्लूडी और पीएचईडी विभाग के अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि और आमजन मौजूद थे।

# प्लास्टिक कचरे से बनाया गया ईको ब्रिक्स

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनू एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन अभिरुचि कला कौशल प्रशिक्षण शिविर के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता सप्ताह के पांचवें दिन का आयोजन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा राजेश कुमार मील की अध्यक्षता तथा पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के कार्यकर्ता विजेंद्र कुमार के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से इस सराहनीय पहल का स्वागत करते हुए प्लास्टिक की खाली बोतलों में अनुपयोगी पॉलीथिन एवं अन्य प्लास्टिक कचरे को भरकर ईको ब्रिक्स तैयार करने की सराहना की। शर्मा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य प्लास्टिक कचरे को खुले में फेंकने के बजाय उसका पुनः उपयोग कर पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाना है। इन ईको ब्रिक्स का उपयोग बैठने की बेंच, फूलदान, छोटी दीवारों, पौधों के गमले बनाने तथा अन्य रचनात्मक कार्यों में किया जा सकता है। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि एक ओर यह पहल प्लास्टिक कचरे के उचित प्रबंधन में सहायक है, वहीं दूसरी ओर समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरण का भी प्रभावी माध्यम बन रही है। लोगों से अपील की गई कि वे अपने घरों में उपयोग होने वाली प्लास्टिक की बोतलों और पॉलीथिन को इस प्रकार एकत्रित कर ईको ब्रिक्स बनाएं तथा स्वच्छ और हरित वातावरण के निर्माण में योगदान दें। पर्यावरण प्रेमी और व्याख्याता विजेंद्र कुमार ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति ऐसी छोटी-छोटी पहल करे तो प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। यह अभियान कचरे से संसाधन की भावना को साकार करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा राजेश मील ने बताया कि इस प्रकार पॉलिथीन को एकत्र कर बोतल में भरने की पहल से स्काउट गाइड, शिक्षा विभाग, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, पर्यावरण संरक्षण से जुड़े हुए अन्य एजेंसियां, एनजीओ आदि के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जाएगा। शिक्षा विभाग एवं स्काउट गाइड के माध्यम से घर-घर में यह कार्य किया जाए जिससे झुंझुनू जिला सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त और पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन हो सके। स्काउट गाइड कार्यालय में चल रहे ग्रीष्मकालीन अभिरुचि कला कौशल प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रही छात्राओं, महिलाओं ने प्लास्टिक बोतल में पॉलिथीन भरकर इस अभिनव पहल की शुरुआत की है। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के विजेंद्र कुमार, रामसिंह कुलहरी, रामचंद्र मीणा, विजेता नेहरा, सुनीता बेनीवाल, मुकेश कुमार, रेणु सैनी, राज किरण, सुमित्रा सैनी, दिनेश कुमार, अमरचंद, सुरेंद्र किरोड़ीवाल, विकाश गुर्जर सहित अभिरुचि शिविर के संभागी उपस्थित रहे।

# अवकाश के दिनों में कार्य कराने का कर्मचारियों ने किया विरोध



निसं

**पाटन ( नवयत्न )।** पटवार संघ, ग्राम विकास अधिकारी संघ एवं कृषि पर्यवेक्षक संघ ने शनिवार, रविवार तथा अन्य राजकीय अवकाश के दिनों में गैर-आपातकालीन कार्य कराने का विरोध जताया है। तीनों संगठनों ने मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन भेजकर मांग की कि आपातकालीन परिस्थितियों को छोड़कर अवकाश के दिनों में बैठक, ग्राम सभा, चौपाल, शिविर एवं निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएं। ज्ञापन में कहा गया कि लगातार अवकाश के दिनों में कार्य लिए जाने से कर्मचारियों के मानसिक, शारीरिक तथा पारिवारिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। संगठनों ने निर्णय लिया कि भविष्य में आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर अवकाश के दिनों में कार्य नहीं किया जाएगा। इस दौरान राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विनोद गुर्जर, ब्लॉक मंत्री पवन यादव, शक्ति सिंह तंवरए महेश मीणा, रामगोपाल शर्मा, कृष्ण सिराधना, पटवार संघ ब्लॉक अध्यक्ष रघुवीर मीणा, आनंद, जितेंद्र, कांता मीणा, करण सिंह गुर्जर, हेमराज तथा कृषि पर्यवेक्षक संघ के सीताराम, ख्यालीराम, लालचंद सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

# व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ पालिका की बैठक आयोजित

प्रदीप सैनी



**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** दांता नगरपालिका द्वारा नगर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगरपालिका दांता के अधिशाषी अधिकारी भूपेश शर्मा ने की। बैठक में अधिशाषी अधिकारी भूपेश शर्मा ने सभी व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक दुकान पर कचरा पात्र रखना अनिवार्य है। उन्होंने निर्देश दिए कि चाय के गिलास, प्लास्टिक सामग्री एवं अन्य अनुपयोगी वस्तुओं को इधर-उधर फेंकने के बजाय दुकान पर रखे कचरा पात्र में ही डाला जाए तथा बाद में उसे नगरपालिका द्वारा निर्धारित कचरा पात्रों अथवा कचरा संग्रहण वाहन में डालकर उचित निस्तारण किया जाए। उन्होंने बताया कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 10 जून तक सभी दुकानदारों को अपनी-अपनी दुकानों पर कचरा पात्र रखना होगा। निर्धारित तिथि के बाद निरीक्षण के दौरान जिन दुकानों पर कचरा पात्र नहीं पाया जाएगा, उनके विरुद्ध नगरपालिका नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान अधिशाषी अधिकारी ने नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी रखा। उन्होंने सुझाव दिया कि सप्ताह में एक दिन श्नो प्लास्टिक डे मनाया जाए, जिससे आमजन एवं उपभोक्ताओं में जागरूकता बढ़े और भविष्य में दांता नगरपालिका क्षेत्र को पूर्ण रूप से नो प्लास्टिक जोन बनाने का मार्ग प्रशस्त हो सके। इस अवसर पर व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। व्यापारियों ने नगर की नालियों की नियमित सफाई, बरसात के दौरान होने वाले जलभराव तथा गंदगी की समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान के साथ.साथ इन मूलभूत समस्याओं का निराकरण भी आवश्यक है। बैठक में नगरपालिका प्रशासन एवं व्यापारिक संगठनों के बीच स्वच्छए सुंदर एवं प्लास्टिक मुक्त दांता के निर्माण को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई तथा सभी पक्षों ने सहयोगात्मक प्रयासों पर सहमति व्यक्त की।

# संयुक्त निदेशक ने किया बीडीके अस्पताल का निरिक्षण

## एमसीएच विंग, रामाश्रय वार्ड, लू-तापघात वार्ड की व्यवस्थाओं की सराहना की

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले के सबसे बड़े राजकीय बीडीके अस्पताल का संभाग जयपुर के संयुक्त निदेशक डॉ यदूराज सिंह ने निरीक्षण किया। डॉ यदूराज ने अस्पताल के 2500-3000 की ओपीडी को अस्पताल की बेहतरीन सेवाओं का संकेत बताया है। अस्पताल में प्रसूताओं से चिकित्सा सेवाओं के बारे में फीडबैक लिया गया है। सूरजगढ़ निवासी प्रसूता विमला ने बताया कि अस्पताल में प्रसूताओं के लिए एक ही जगह पर सामान्य प्रसव, जटिल एवं सिजेरियन प्रसव, ब्लड बैंक, प्लेटलेट की सुविधा, नवजात शिशू हेतू आईसीयू की सुविधाएं का लाभ मिल रहा है। डॉ यदूराज सिंह ने लू-तापघात वार्ड का अवलोकन किया एवं आमजन में जागरूकता बढ़ाने के निर्देश प्रदान किए गये है। पीएमओ डॉ जितेंद्र भाम्बू ने बताया कि अस्पताल में लू-तापघात के बचाव एवं उपचार की मॉकड्रील एवं जन-जागरूकता निरंतर की जा रही है। जागरूकता के कारण लू-तापघात से जिलेभर में विगत 5 वर्षों में मृत्यू शून्य है। अस्पताल में प्रतिमाह 400-500 प्रसव एवं 100-150 नवजात शिशुओं को उपचार प्रदान किया जा रहा है। संयुक्त निदेशक ने अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट का निरिक्षण कर एकांतर रुप से संचालित करने के निर्देश दिए गये। अस्पताल में मॉ योजना की निरंतर समीक्षा बैठक आयोजित करने एवं अधिकाधिक आमजन को योजना का लाभ प्रदान करने के निर्देश प्रदान किए गये। मॉ योजना में टीआईडी उत्पत्ति, शैय्या क्षमता का 50 प्रतिशत से ज्यादा करने के निर्देश प्रदान किए। डॉ यदूराज ने बताया कि राज्यभर में ओडीके ऐप द्वारा निरिक्षण रिपोर्ट करने से चिकित्सा सेवाओं का सुदृढ़ीकरण हुआ है। आमजन के चिकित्सा सेवाएं और सुलभ एवं सुगम हुई है। इस दौरान पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशू रोग विशेषज्ञ डॉ जितेंद्र भाम्बू, आरएमओ डॉ सिद्धार्थ शर्मा, फिजिशियन डॉ महेंद्र सानेल, डॉ संदीप नेमीवाल, डॉ नावेद अख्तर, डॉ राकेश कुमार, नर्सिंग अधीक्षक ओमप्रकाश, सुरेश मील, किरण, सरिता उपस्थित रहे।

# विहिप के जिला अध्यक्ष बंसिया का किया सम्मान



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** हल्दीघाटी युद्ध के साढे 450 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष मनोज बंसिया कश्मीर माधोपुर में भूमि स्वागत किया गया। इस अवसर पर बंसिया ने कहा कि हिंदू समाज की एकता और समरसता को लेकर समाज के सभी वर्गों में उत्साह का वातावरण दिखाई पड़ रहा है। बंसिया आज श्रीमाधोपुर में गणेश जी के मंदिर में स्थानीय कार्यकर्ताओं के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे, उन्होंने कहा कि हिंदू समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा गौ सेवा, योग, धार्मिक जन जागरण एवं सेवा की विभिन्न कार्य बड़े स्तर पर हो रहे हैं। यह समाज के लिए उत्साह का विषय है। यह जानकारी देते हुए विहिप के जिला मंत्री उमाशंकर महिंद्रा बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के द्वारा मनोज बणसिया का विशेष सम्मान होने पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री गणेश मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महावीर ठठेरा ने की। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बंसिया का दुपट्टा व माला पहनकर सम्मान किया। सम्मानित करने वालों में विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर महिंद्रा, बजरंग दल के सह संयोजक अनुराग शर्मा, दीपेंद्र योगी, प्रखंड़ मंत्री महेश ढाणी वाला, आर्ट ऑफलिविंग के सुभाष चेजारा, प्रकोष्ठ के विधिसलाहकार एडवोकेट दीपक चोटिया, मंदिर के पुजारी मक्खन लाल, विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष एडवोकेट अमित ठठेरा, महाकाल भक्त मंडल के रोहित पटवा, किशन स्वामी आदि प्रमुख थे।

यह जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि आगामी दिनों में विश्व हिंदू परिषद की द्वारा हल्दीघाटी युद्ध के 450 वर्ष पर अनेक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# स्वच्छ भारत मिशन में अधिकारियों के निलंबन का जताया विरोध



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान पंचायती राज अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ, जिला शाखा चूरू द्वारा विभागीय समस्याओं एवं विसंगतियों को लेकर जिला कलेक्टर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद को ज्ञापन सौंपा गया। जिला अध्यक्ष हंसराज मीणा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन के दौरान जिला मंत्री योगेन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष सोहनलाल घायल, जीवणराम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण एवं कुलवन्तसिंह भाकर, गिरधारीलाल दैया, प्रेमसिंह चौहान, सुरेश सैनी, रामस्वरूप सिहाग, छगनलाल, महेन्द्र कुमार भार्गव, रामस्वरूप स्वामी, किशनलाल भाट, सावंतराम दइया, तुलसीराम सैनी, रामनिवास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। ज्ञापन में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था से संबंधित मामलों में अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारियों के विरुद्ध की जा रही एकतरफा अनुशासनात्मक कार्रवाई का विरोध दर्ज कराया गया। संघ ने आरोप लगाया कि उच्च अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान बिना किसी प्रारंभिक जांच के अधिकारियों को निलंबित किया जा रहा है तथा सीसी, नियम-16 के तहत आरोप पत्र जारी किए जा रहे हैं, जो न्यायोचित नहीं है। जिला अध्यक्ष हसंराज मीणा ने बताया कि पंचायती राज नियम, 1996 के अनुसार स्वच्छता कार्यों के निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, मापन, मूल्यांकन एवं भुगतान सत्यापन की प्रत्यक्ष जिम्मेदारी तकनीकी अधिकारियों तथा स्वच्छता समितियों की होती है। इसके बावजूद प्रशासनिक अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित किए बिना अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। संघ ने इसे दमनात्मक नीति बताते हुए विरोध जताया तथा राज्य सरकार का ध्यान इस विषय की ओर आकर्षित करने की मांग की। उन्होंने बताया कि प्रदेशव्यापी अभियान के तहत सभी जिलों में जिला कलेक्टर एवं जिला परिषदों के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजे जा रहे हैं। इसी क्रम में आज चूरू में भी ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

# गौशाला व नंदीशाला में आज होगा वृक्षारोपण

**बुगाला ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को बाबा सुंदरदास गोपाल गौशाला एवं नंदीशाला, जाखल के तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के प्रति जनजागरण का संदेश दिया जाएगा। गौशाला प्रबंधन समिति के अनुसार सुबह साढ़े 7 बजे गौशाला परिसर में हरित गौशाला अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जाएगा जबकि सुबह साढ़े 8 बजे नंदीशाला परिसर में हरित नंदीशाला अभियान आयोजित होगा। कार्यक्रम में गौभक्तों, पर्यावरण प्रेमियों, सामाजिक संगठनों एवं क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। गौशाला परिवार ने बताया कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण देने का संकल्प भी है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लगाए जाने वाले पौधों की देखभाल का भी संकल्प लिया जाएगा ताकि हरित क्षेत्र का विस्तार हो सके। गौशाला परिवार ने सभी नागरिकों से कार्यक्रम में पहुंचकर पौधरोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को सफल बनाने की अपील की है। इस अवसर पर प्रकृति संरक्षण, जल संरक्षण एवं स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया जाएगा।

# पालिका बनाम गोविन्द सिंह प्रकरण में प्रशासन को दिया ज्ञापन



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ क्षेत्र के दर्जनों लोगो ने उपखंड अधिकारी को एक ज्ञापन देकर नगर पालिका मंडल द्वारा मनमर्जी से किये जा रहे कार्यों एवं पालिका के अधिशाषी अधिकारी द्वारा कार्यों मे भ्रष्टाचार करते हुये सुविधा शुल्क लेकर अवैध निर्माण कार्यों को करवाने एवं स्थानीय धन्वंतरि नगर स्थित एक मकान निर्माण कार्य को ईओ द्वारा निजी देषता के रुकवाने और पालिका प्रशासन द्वारा उक्त कार्य को रोके जाने की जांच करवाने की मांग की गई। वही ज्ञापन में बताया कि पालिका प्रशासन के साथ साथ पालिका के अधिशाषी अधिकारी डॉ. सहदेव चारण व पालिका के सफाई निरीक्षक शुभकरण वाल्मीकि के ऊपर निजी दुश्मन की भाति अपने पद का दुरुउपयोग करते हुये उसके घर पर पालिका सफाई कर्मियों की टीम को भेज कर दूसरी बार मेरे घर के आगे रखी मेरी निर्माण सामग्री को जप्त करवाया गया है, जबकि ईओ ने शहर मे भ्र्ष्टाचार का जो खुला खेल कर रखा है उसको मैंने उजागर करने की कोशिश की तो ईओ द्वारा निजी स्तर पर कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा है। ज्ञापन पर भादरमल भामू, अमरचंद, लालचंद पंवार, प्रदीप शर्मा, सुरेश कुमार, प्रताप सिंह, लक्ष्मीनारायण, पूनमचंद, बाबूलाल, अजय कुमार, मनफूल, भंवरलाल चौधरी, छोटूसिंह, मो. अयान, राजकुमार सहित दर्जनों के हस्ताक्षर हैं।

# पर्यटकों के लिए खास है मसूरी में स्थित ये भुतहा जगह

मसूरी उत्तराखंड के सबसे पॉपुलर और रोमांटिक हिल स्टेशन्स में से एक है। मसूरी की खूबसूरती इस कदर प्रचलित है कि इसे पहाड़ों की रानी के नाम से भी जाना जाता है। समुद्र तल से करीब 7 हजार फीट की ऊंचाई पर मौजूद मसूरी में केम्पटी फॉल्स, कंपनी गार्डन और दलाई हिल्स जैसी कई चर्चित जगहें हैं, जहां काफी संख्या में पर्यटक घूमने पहुंचते हैं। लेकिन अगर आपसे यह पूछा जाए कि क्या आप मसूरी में स्थित भुतहा जगहों के बारे में जानते हैं, तो फिर आपका क्या जवाब होगा?

## परी टिब्बा

मसूरी की चर्चित जगह लाल टिब्बा के बारे में लगभग हर कोई जानता होगा, लेकिन परी टिब्बा के बारे में बहुत कम लोग ही जानते हैं। परी टिब्बा के बारे में कई लोग इसलिए नहीं जानते हैं, क्योंकि यह एक डरावनी जगह है। परी टिब्बा घने जंगलों से घिरा हुआ एक स्थान है। इस डरावनी जगह के बारे में बोला जाता है कि यहां कई बार आकस्मिक घटनाएं होती रहती हैं। सूरज ढलते ही परी टिब्बा से अजीबो-गरीब आवाज आने लगती है।

एक अन्य कहानी है कि यहां दो प्रेमी घूमने गए थे, लेकिन बिजली गिरने से दोनों की मौत हो गई। इस घटना के बाद कोई भी परी टिब्बा घूमने की हिम्मत नहीं करता है।

## हॉन्टेड हाउस इन जबरखेत

मसूरी में मौजूद जबरखेत का हॉन्टेड हाउस पिछले 70 सालों से भुतहा स्थल के रूप में जाना जाता रहा है। इस हाउस के बारे में बोला जाता है कि पति-पत्नी साथ में रहते थे और एक दिन अचानक पत्नी की मृत्यु हो गई। पत्नी के मृत्यु के समय बाद यह मालूम चला कि पति भी गायब हो गया और लाख खोजने के बाद भी नहीं मिला। कुछ लोगों का मानना है कि पति ने पत्नी की हत्या करके खुद आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद इस घर के आसपास कोई भी घूमने के लिए नहीं जाता है। कई लोगों का मानना है कि घर से अजीब से आवाज भी आती है।

## मुलिंगर मेंशन

मुलिंगर मेंशन मसूरी में स्थित एक प्राचीन भवन है। कहा जाता है कि इसका निर्माण करीब 1825 के आसपास किया गया था। मुलिंगर मेंशन भवन के बारे में बोला जाता है कि यहां ब्रिटिश काल में यंग नाम का एक अधिकारी रहता था। लेकिन कई लोगों का मानना है कि सेवानिवृत्त होने के बाद यंग आयरलैंड चला गया वही कुछ लोगों का मानना है कि यंग कभी भी आयरलैंड नहीं गया, बल्कि इसी भवन में उसकी मृत्यु हो गई। कुछ लोगों का मानना है कि यंग की आत्मा मुलिंगर मेंशन में भटकती रहती है।



## मसूरी की लंबी देहर खदान

मसूरी में मौजूद लंबी देहर खदान शहर की सबसे डरावनी जगहों में से एक है। इस जगह की डरावनी कहानी बेहद ही खौफनाक है। कहा जाता है कि 1990 के आसपास खनन प्रक्रिया की वजह से कम से कम 50 हजार मजदूरों को अपनी जान गवानी पड़ गई थी। लंबी देहर खदान में मरने वाले मजदूरों की वजह से यह जगह धीरे-धीरे डरावनी जगह में शामिल हो गई और एक समय ऐसा आया, जब आसपास की जगहों से अजीबो-गरीब आवाज आने लगी। लंबी देहर खदान को लेकर कहा जाता है कि आज भी कई पर्यटक दिन के उजाले में भी इसके पासपास भटकने की हिम्मत नहीं करते हैं।



# कर्नाटक जाएं तो इन फेमस फोर्ट को देखना ना भूलें...

कर्नाटक को उसकी समृद्ध विरासत और संस्कृति किलों के लिए जाना जाता है। कर्नाटक का अपना एक समृद्ध इतिहास रहा है। यहां पर मौर्य, होयसल, विजयनगर और चालुक्य जैसे विभिन्न राजवंशों का शासन रहा है। इन राजवंशों के शासनकाल में कई किलों को निर्माण किया गया है। इनका अपना ऐतिहासिक महत्व है और इनमें से कुछ खंडहर हो गए हैं, जबकि कुछ किले आज भी कर्नाटक की विरासत को खुद में समेटे हुए है। इन किलों का आर्किटेक्चर, डिजाइन देखने लायक है और उनकी भव्यता बस देखते ही बनती है।

## चित्रदुर्ग फोर्ट

चित्रदुर्ग फोर्ट को पहले ब्रिटिश काल में चीतलदुर्ग के नाम से जाना जाता था। यह एक विशाल किला है जो कई पहाड़ियों में फैला है। यह स्थान आस-पास की पहाड़ियों के खूबसूरत नजारे पेश करता है। चालुक्य या होयसल सहित क्षेत्र के राजवंशीय शासकों ने 11वीं और 13वीं शताब्दी के बीच किले का निर्माण कराया था। बाद में, 15वीं शताब्दी और 18वीं शताब्दी के बीच, किले का विस्तार किया गया था। विशाल चित्रदुर्ग फोर्ट 1500 एकड़ में फैला हुआ है। इसका निर्माण आठ शताब्दियों में कई चरणों में हुआ। यह वेदवती नदी के बगल में स्थित है।

## बीदर फोर्ट

बीदर फोर्ट का निर्माण मूल रूप से 8वीं शताब्दी में किया गया था और बाद में 1656 ई. में औरंगजेब ने इसका जीर्णोद्धार कराया था। दिलचस्प बात यह है कि 17वीं शताब्दी के मध्य में बीदर पर औरंगजेब ने कब्जा कर लिया था और यह किला मुगल साम्राज्य में समाहित हो गया था। 20वीं सदी के मध्य में जब हैदराबाद राज्य का विभाजन हुआ, तो बीदर किला नवगठित राज्य मैसूर, जो अब कर्नाटक है, का हिस्सा बन गया।



## कित्तूर चेन्नम्मा फोर्ट

कित्तूर चेन्नम्मा फोर्ट बेलगाम से 50 किमी दूर स्थित है। यह धारवाड़ से 32 किलोमीटर दूर है। कित्तूर एक छोटा शहर है और अपने कई पुराने महलों, स्मारकों और मूर्तियों के कारण काफी प्रसिद्ध है। यह वीरता और महिलाओं के गौरव का प्रतीक है। कित्तूर रानी चेन्नम्मा द्वारा देश के लिए किये गये महान कार्य की याद दिलाता है। 1857 के विद्रोह से काफी पहले रानी चेन्नम्मा अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह की नेता थीं। कित्तूर में एक संग्रहालय भी है जो तलवार, ढाल और लकड़ी के दरवाजे जैसी प्राचीन वस्तुओं को प्रदर्शित करता है।

## बादामी फोर्ट

बादामी फोर्ट 543 में चालुक्य राजा पुलकेशी ने बनवाया था। एक चट्टान की चोटी पर स्थित इस किले के साथ दो शिवालय परिसर हैं जो 5वीं शताब्दी के हैं। इस पहाड़ी पर 14वीं सदी और 16वीं सदी का एक वॉचटावर भी है। 642 ईस्वी में पल्लवों द्वारा नष्ट किए जाने से पहले बादामी फोर्ट 540 ईस्वी से 757 ईस्वी तक चालुक्य राजधानी था। टीपू सुल्तान के समय किले का पुनर्निर्माण करवाया गया था। इस किले से पूरे शहर के शानदार दृश्य का आनंद लिया जा सकता है।

# सोलो ट्रिप के दौरान हर किसी को ध्यान रखनी चाहिए ये बातें

कई लोगों को सोलो ट्रिप करना काफी ज्यादा पसंद होता है। लेकिन फर्स्ट टाइम में सोलो ट्रिप करना काफी ज्यादा मुश्किल होता है। सोलो ट्रिप में कंफर्ट जोन से बाहर निकलना, नई-नई चीज़ों को ट्राय करना और नए-नए लोगों से मिलना शामिल होता है। हांलाकि सोलो ट्रिप काफी ज्यादा मजेदार होती है। हर किसी को एक बार सोलो ट्रिप का एक्सपीरियंस जरूर लेना चाहिए। लेकिन सोलो ट्रिप पर जाने से पहले कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

## एक जगह पर नहीं रखें पैसे

सोलो ट्रिप के दौरान कैश और ज्वैलरी एक स्थान पर नहीं रखना चाहिए। कैश और ज्वेलरी को इनसाइड पॉकेट, जैकेट, बैग, मोजे, हिप पॉकेट आदि में रखें। ऐसा इसलिए भी जरूरी है कि लूट या चोरी आदि की स्थिति में आपका सारा सामान झटके में चला जाएगा। इससे आपकी चीजें बच जाएंगी।

## सोलो ट्रेवल का ना करें जिक्र

सोलो ट्रिप के दौरान पब्लिकली यह कहने से बचना चाहिए कि आप अकेले ट्रेवल कर रही हैं। या फिर सिंगल सफर करने के दौरान आप अपने नाम के आगे मिसेज भी जोड़कर बता सकते हैं। इससे बाहरी लोग आपका फायदा उठाने से बच जाएंगे। लेकिन जब लोगों को यह पता चलेगा कि आप ट्रिप के दौरान अकेले नहीं है, तो ट्रिप के दौरान जोखिम कम हो सकता है।

## जगह के बारे में करें पूरी रिसर्च

आप जहां भी जा रहे हैं तो उस जगह के बारे में पूरी रिसर्च कर लें। इसके अलावा आप जगह के मौसम, ट्रांसपोर्टेशन आदि चीजों का ध्यान रखें। इससे आपको ट्रिप में पैकिंग काफी आसानी हो जाएगी। आप इंटरनेट की मदद से भी जगह के बारे में जानकारी ले सकती हैं।

## पहले से कर लें बुकिंग

अकेले ट्रिप पर जाने से पहले रहने की व्यवस्था को भगवान के भरोसे बिलकुल ना छोड़ें। ट्रिप पर जाने से पहले होटल या होमस्टे आदि की बुकिंग पहले से कर लें। ऐसा करने से आप टेंशन फ्री हो जाएंगे। खासतौर पर जब आप डेस्टिनेशन के पीक सीजन पर जा रहे हों। क्योंकि कई बार पीक सीजन में होटल आदि बुक करने में दिक्कत होती है। इसलिए इस तरह का रिस्क ना लें। 5



## पैकिंग

सोलो ट्रिप पर आपको अपनी जिम्मेदारी खुद उठानी पड़ती है। वैसे ही ट्रिप के लिए आपको अपना बैग खुद ही उठाना पड़ता है। इसलिए बैग में बहुत ज्यादा सामान नहीं रखना चाहिए। इसलिए कपड़े और डॉक्यूमेंट्स के अलावा सिर्फ उन चीजों को रखे जिनकी आपको जरूरत हो।

## जरूरी डॉक्यूमेंट्स

वैसे तो हर ट्रेवलर पर यह बात लागू होती है। लेकिन सोलो ट्रैवलर के दौरान यह काफी ज्यादा जरूरी होता है। होटल से लेकर होमस्टे, फ्लाइट और कई व्यू प्वॉइट्स पर भी डॉक्यूमेंट्स की जरूरत पड़ सकती है। इसलिए अपने जरूरी डॉक्यूमेंट्स को जरूर साथ में रखें। इसलिए ट्रैवलर को ऑरिजनल कॉपी के साथ इनकी फोटोकॉपी भी करवा कर रख लें।

# बर्डवॉचिंग करना लगता है अच्छा तो इन जगहों को करें एक्सप्लोर

ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्हें प्रकृति के करीब रहना और उसे निहारना बेहद अच्छा लगता है। इसलिए, जब भी उन्हें समय मिलता है तो वे ऐसी जगहों पर जाना पसंद करते हैं, जहां पर वे बेहद सुकून महसूस करें और उन्हें प्रकृति के करीब होने का अहसास हो। ऐसे लोगों को अक्सर बर्ड वॉचिंग करने में भी काफी आनंद आता है। चूंकि भारत 1300 से भी ज्यादा पक्षियों की प्रजाति का घर है तो यहां पर बर्डवॉचिंग का अपना एक अलग ही मजा है।

## नल सरोवर बर्ड सैन्चुरी

नल सरोवर बर्ड सैन्चुरी गुजरात के सबसे बड़े शहर अहमदाबाद से लगभग 64 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। यह अभयारण्य देश की सबसे बड़ी प्राकृतिक मीठे पानी की झीलों में से एक नल सरोवर झील के आसपास मौजूद है। यहां पर आपको विभिन्न प्रकार की पक्षी की प्रजातियों को बेहद ही करीब से देखने का मौका मिलेगा। यह बर्ड सैन्चुरी पक्षियों की 250 से अधिक प्रजातियों का घर है, जिनमें राजहंस, पेलिकन, गीज़, क्रेन, बत्तख और कई अन्य शामिल हैं। सर्दियों के मौसम के दौरान यहां साइबेरिया, मध्य एशिया और यूरोप जैसे क्षेत्रों से भी पक्षी आते हैं।

## ईगलनेस्ट सैन्चुरी

अरुणाचल प्रदेश में स्थित ईगलनेस्ट सैन्चुरी में पक्षी की 454 प्रजातियां देखी जा चुकी हैं। ईगलनेस्ट सैन्चुरी बर्डवॉचिंग पसंद करने वाले लोगों के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है। पक्षी देखने वालों के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य है। यहां पर कई दुर्लभ और लुप्तप्राय पक्षी की प्रजातियों को देखा जा सकता है। सहित अपनी महत्वपूर्ण पक्षी विविधता के लिए जाना जाता है। ईगलनेस्ट वह स्थान है जहां लुप्तप्राय पक्षी बुगुन लिओसिचला को पहली बार 1995 में खोजा गया था।



## थट्टेकड़ बर्ड सैन्चुरी

भारत के केरल राज्य में स्थित थट्टेकड़ बर्ड सैन्चुरी पक्षी प्रेमियों और प्रकृति प्रेमियों के लिए घूमने की एक बेहतरीन जगह है। यह कोच्चि से लगभग 48 किलोमीटर उत्तर पूर्व में एर्नाकुलम जिले के कोठामंगलम तालुक में स्थित है। यह बर्ड सैन्चुरी ओरिएंटल डार्टर, इंडियन हॉक कुक्कू और शानदार सीलोन फ्रॉगमाउथ जैसी पक्षियों की कई खूबसूरत प्रजातियों का निवास है। यह बर्ड सैन्चुरी विभिन्न प्रकार की कोयलों का भी निवास स्थान है और इसके एक हिस्से को कोयल पैराडाइज के नाम से जाना जाता है।

## रंगनाथिटु बर्ड सैन्चुरी

कर्नाटक के श्रीरंगपट्टनम में स्थित रंगनाथिटु बर्ड सैन्चुरी पक्षी प्रेमियों के लिए एक स्वर्ग है क्योंकि यहां पर पक्षियों की विभिन्न प्रजातियां पाई जाती है। यह राज्य में सबसे बड़ी बर्ड सैन्चुरी हैं और कावेरी नदी के तट के पास स्थित है। यहां रहने वाली पक्षियों की 170 प्रजातियों में से सबसे उल्लेखनीय पेंटेड स्टॉर्क, कॉमन स्पूनबिल, एशियन ओपनबिल स्टॉर्क, ब्लैक-हेडेड इबिस और वूली-नेक्ड स्टॉर्क हैं।

# पर्यटकों के लिए खास है नोएडा के बेहद पास हैं ये खूबसूरत वादियां

यूं तो भारत में कई हिल स्टेशन मौजूद हैं, लेकिन आपके शहर से थोड़ी दूरी पर अगर कोई हिल स्टेशन स्थित हो, तो वीकेंड और भी खास बन जाता है।

**नौकुचियाताल :** यह खूबसूरत हिल स्टेशन हिमालय की तलहटी में बसा हुआ है। यहां के प्राकृतिक दृश्य आपका मन मोह लेंगे। ऐसे में आप अपनी फैमिली के साथ इस हिल स्टेशन पर अच्छा टाइम स्पेंड कर सकते हैं। यहां के खूबसूरत पहाड़, झील के किनारे और शांत माहौल आपको एक अच्छा अनुभव देंगे। आप यहां पर नौकुचियाताल झील, सत्तल झील, रानीखेत, भीमताल झील जैसी खूबसूरत जगहों का लुफ्त उठा सकते हैं। यह हिल स्टेशन नोएडा शहर से 350 किलोमीटर की दूरी पर है। जहां आप करीब 6 से 7 घंटे में वाया रोड पहुंच सकते हैं।

**रामगढ़ :** अगर आप नौकुचियाताल घूमने जाएंगे तो ऐसे में आप वहीं से रामगढ़ की तरफ घूमने के लिए भी निकल सकते हैं। यहां की घुमावदार सड़कें आपकी यात्रा को और भी खास बना देगी। गर्मियों के दिनों में यहां की शांति आपके मन को सुकून देगी। ऐसे में भीड़-भाड़ से दूर आप इस हिल स्टेशन पर फैमिली के साथ अच्छा वक्त बिता सकते हैं।

**रिवालसर :** यह खूबसूरत और शांत हिल स्टेशन मंडी जिले में स्थित है। इतना ही नहीं यह हिल स्टेशन कई मायनों में सिख, हिंदू और बौद्ध धर्म के लोगों के लिए आस्था का केंद्र भी है। यही वजह है कि यह हिल स्टेशन भारतीय सांस्कृतिक खूबसूरती और प्राकृतिक दृश्यों का अनोखा मेल है।

**परवाणू :** परवाणू हिमाचल प्रदेश के सबसे खास ऑफबीट डेस्टिनेशन में से एक है। ऐसे में शांतिपूर्ण वीकेंड के लिए आप इस जगह को चुन सकते हैं।

# इस गुफा में आज भी है रावण का विशाल शरीर ट्रैवल करने से पहले जान लें जरूरी बातें

ये बात तो सभी जानते हैं कि भारत में किसी के मौत के बाद शव को जला दिया जाता है। धर्म रीति रिवाज के हिसाब से हर किसी में अलग अलग चीजें होती हैं। इसी तरह धरती पर भगवान थे, इसे लेकर भी जगह जगह ऐसे साक्ष्य मौजूद हैं। जिसमें रामायण से जुड़ी कई चीजें आपको भारत से लेकर श्रीलंका तक देखने को मिलेंगी। कहा जाता है कि श्रीलंका में रामायण और भगवान राम से जुड़े कई ऐसे साक्ष्य मौजूद हैं, जिसे आप मानने से इनकार नहीं सकते। इसके बारे में बहुत से लोग जानना चाहते हैं। श्रीलंका में कई जगहें आज भी जहां भगवान राम और रावण के बारे में कुछ न कुछ बातें भरोसा करने योग्य हैं, जो भगवान के बारे में बताती हैं।

इसी तरह श्रीलंका में एक ऐसी गुफा है, जिसके बारे में माना जाता है कि यहां रावण का शव रखा गया है। श्रीलंका के एक जंगल में एक पहाड़ पर एक गुफा है। इस गुफा में आज भी रावण का सिर रखा हुआ है। यह गुफा श्रीलंका के रायगाला के घने जंगल में स्थित है। ऐसा माना जाता है कि भगवान राम ने 10 हजार साल पहले रावण का वध किया था।

**कहां स्थित है यह जंगल :** कहा जाता है की रायगाला के जंगल में 8 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित इस गुफा में रावण का शव रखा गया है। रावण के शव को ममी बनाकर एक बक्से में रखा गया है। जिस पर एक खास लेप लगाया गया है।



## किसने की खोज?

यह शोध श्रीलंका स्थित इंटरनेशनल रामायण रिसर्च सेंटर द्वारा किया गया था। शोध के अनुसार, जिस बक्से में रावण का शव रखा गया है, वह 18 फीट लंबा और 5 फीट चौड़ा है। यह भी कहा जाता है कि इस बक्से के नीचे रावण का बेशकीमती खजाना है। जिसकी रक्षा एक सांप और कुछ खतरनाक जानवर करते हैं। हालांकि यह उनके रिसर्च में साबित हुआ है, लेकिन वहां कोई नहीं जा सका है।

## किसने रखा यहां रावण का शव

इस बारे में कहा जाता है कि भगवान राम ने रावण को मारने के बाद उसका शव विभीषण को सौंप दिया था। ताकि इसका अंतिम संस्कार किया जा सके, लेकिन विभीषण ने राजगद्दी संभालने की जल्दबाजी में अंतिम संस्कार नहीं किया और शरीर को वैसे ही छोड़ दिया। हालांकि इस बात में कितनी सच्चाई है, इसे लेकर कोई पुख्ता सबूत नहीं है।

# जमींदोज हुई झुकी हुई अवैध इमारत
# धमाके के साथ ढहा छह मंजिला भवन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रामगंज क्षेत्र में पिछले 23 दिनों से दहशत का कारण बनी एक तरफझुकी छह मंजिला अवैध इमारत को गुरुवार सुबह नगर निगम ने ध्वस्त कर दिया। तकनीकी विशेषज्ञों की निगरानी में की गई कार्रवाई के दौरान कुछ ही क्षणों में पूरी इमारत जोरदार धमाके के साथ जमींदोज हो गई। कार्रवाई से पहले प्रशासन ने आसपास के मकानों को खाली कराकर, बिजली आपूर्ति बंद कर तथा क्षेत्र की घेराबंदी कर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किएए जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। किशनपोल जोन के उपायुक्त विजेंद्र सिंह ने बताया कि यह इमारत चौकड़ी रामचंद्रजी क्षेत्र स्थित जगन्नाथ शाह के रास्ते चीता वालों का मोहल्ला में स्थित थी। गुरुवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे नगर निगम, पुलिस, सिविल डिफेंस और तकनीकी विशेषज्ञों की टीम जेसीबी मशीनों के साथ मौके पर पहुंची। सुरक्षा की दृष्टि से आसपास के सभी रास्तों को बैरिकेडिंग कर बंद कर दिया गया और लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई। रामगंज थाना पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम पूरे समय मौके पर तैनात रही।

## 9 मई को आई थी दरारें, तब से खाली था भवन

किशनपोल जोन के उपायुक्त विजेंद्र सिंह ने बताया कि भवन में 9 मई को अचानक बड़ी दरारें आ गई थीं, जिसके बाद नगर निगम की तकनीकी टीम ने निरीक्षण कर इसे असुरक्षित घोषित कर दिया था। तत्काल प्रभाव से भवन को खाली करवाया गया और आसपास के कई मकानों को भी एहतियातन खाली कराया गया था। तकनीकी रिपोर्ट के आधार पर भवन स्वामी को स्वयं भवन ध्वस्त करने के निर्देश दिए गए थे तथा नोटिस भी चस्पा किया गया था। चेतावनी दी गई थी कि कार्रवाई नहीं होने पर निगम भवन को ध्वस्त कर खर्च की वसूली मकान मालिक से करेगा। इसके बावजूद भवन स्वामी की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### बिना अनुमति बनी थी इमारत

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार यह भवन बिना स्वीकृति के अवैध रूप से निर्मित किया गया था। करीब 10 से 15 वर्ष पुराने इस भवन में पहले चार मंजिलें थींए जबकि हाल ही में पांचवीं और छठी मंजिल का निर्माण कराया जा रहा था। निर्माण कार्य के दौरान मुख्य पिलरों को नुकसान पहुंचने से पूरी इमारत एक ओर झुक गई और नीचे बनी दुकानों के शटर भी टेढ़े हो गए। भवन मालिक रईस ने भवन के विभिन्न हिस्से किराए पर दे रखे थेए जहां 30 से अधिक लोग निवास कर रहे थे।

### आसपास के 10-15 मकान खाली कराए

संभावित हादसे को देखते हुए प्रशासन ने भवन के आसपास स्थित 10 से 15 मकानों को पहले ही खाली करवा लिया था और वहां रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया गया था। आसपास की दुकानें भी बंद करवाई गई थीं। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद रखी गई। भवन गिरने के दौरान सामने स्थित एक मकान के हिस्से को मामूली नुकसान पहुंचा, जबकि पास में खड़ा एक पुराना विशाल पेड़ भी धराशायी हो गया। इसके बाद नगर निगम की टीम ने मलबा हटाने और रास्ता सुचारू करने का कार्य शुरू किया।



### लोगों ने ली राहत की सांस

**झुकी हुई इमारत के कारण पिछले कई दिनों से क्षेत्र में भय का माहौल था और स्थानीय लोग लगातार इसे हटाने की मांग कर रहे थे। भवन ध्वस्त होने के बाद क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली। सिविल डिफेंस के डिप्टी कंट्रोलर अमित शर्मा ने बताया कि पूरी कार्रवाई निर्धारित सुरक्षा मानकों के तहत की गई और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। नगर निगम अधिकारियों ने कहा कि शहर में चिन्हित अन्य जर्जर और खतरनाक भवनों के खिलाफ भी आगामी दिनों में इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी।**

## दो आरोपियों को 3 साल कठोर कारावास व 10-10 हजार रुपए जुर्माना

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर के अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा ने साहवा थाने में दर्ज पुराने मामले में हनुमानगढ़ जिले के जगतसिंह उर्फ कालू और बलराम को अवैध हथियार व चोरी की संपत्ति रखने का दोषी मानते हुए दोनों को 3 साल का कठोर कारावास व 10-10 हजार रुपए जुर्माना लगाया है, जुर्माना न भरने पर दोनों आरोपियों को 6 माह की अतिरिक्त जेल काटनी होगी। मामले में अभियोजक की ओर से अपर लोक अभियोजक एडवोकेट पंकज कुमार स्वामी ने पैरवी की।


### कार्यालय ग्राम पंचायत सांवराद पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांकः 2026-27/30 दिनांकः 02/06/2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- 10/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत सांवराद में वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी नरेगा एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।
NIB-ZNR2627A0340
UBN-ZNR2627GLOB00494

**प्रशासक** ग्राम पंचायत सांवराद पंचायत समिति लाडनूँ
**ग्राम विकास अधिकारी** ग्राम पंचायत सांवराद पंचायत समिति लाडनूँ

### OFFICE OF GRAM PANCHAYAT BALLUPURA P.S. PATAN (SIKAR)

S.NO. 54 DATE: 04-06-2026

Notice Inviting Bid

Bid for Rate contract works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto Date 16.06.2026, 12:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in & http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of work is maximum RS: 3000000/-
UBN No.PKP2627GLRC00061, PKP2627WSOB00060

**PRASHASHAK** G.P. BALLUPURA
**VDO** G.P. BALLUPURA

### OFFICE OF GRAM PANCHAYAT DOONGA KI NANGAL P.S. PATAN (SIKAR)

S. NO. 41 DATE:03/06/2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for Rate contract of Material Procurement in varies construction works undar MGNAREGA and Other Scheme For FY 2026-27 are invited from intersted bidders till Date 15-06-2026, 12:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in & http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement is RS: 4000000/-
UBN No. PKP2627GLRC00058

**PRASHASHAK** G.P. DOONGA KI NANGAL
**VDO** G.P. DOONGA KI NANGAL

### OFFICE OF GRAM PANCHAYAT DHANDHELA P.S. PATAN (SIKAR)

S. NO. 33 DATE: 03/06/26

**Notice Inviting Bid**

Bid for Rate contract of Material Procurement in varies construction works undar MGNAREGA and Other Scheme For FY 2026-27 are invited from intersted bidders till Date 15-06-2026, 12:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in & http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement is RS: 3000000/-
UBN No. PKP2627GLRC00059

**PRASHASHAK** G.P. DHANDHELA
**VDO** G.P. DHANDHELA

### OFFICE OF THE GOVT. AYURVED COLLEGE SIKAR

email- ayurvedcollegesikar@rajasthan.gov.in

Sr no-907 date 27.05.2026

**Notice Inviting Bids**

online bids are invited for providing man power services at Govt. Ayurved College, Sikar from interested bidder upto 05:00 pm date 10-06-2026. Others particulars of the bid may be visited on the procurement portal https://sppp.rajasthan.gov.in/ and https://eproc.rajasthan.gov.in/

Approximate Value:- 50.00 Lakhs

NIB No. - AYU2627A0093

UBN NO. - AYU2627SLRC00095


## जेल से फरार बंदी को किया गिरफ्तार

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** जिला पुलिस अधीक्षक चूरू निश्चय प्रसाद एम. ने बताया कि खुला शिविर बींछवाल, बीकानेर में सजा भुगत रहे दण्डित बंदी दीपक जोशी पुत्र श्रीचन्द निवासी वार्ड नम्बर 32 सांड चौक सुजानगढ को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि 21 मई 2026 को अधीक्षक केन्द्रीय कारागृह बीकानेर द्वारा औचक निरीक्षण किये जाने पर सायं काल बंदी दीपक उपस्थित नहीं मिला। उक्त बंदी के फरारी के सबंध में पुलिस थाना बीछवाल बीकानेर में एफआईआर नम्बर 136 दर्ज करवाई गई। पुलिस ने बताया कि फरार होने के बाद सुजानगढ में दीपक जोशी 2 अन्य के साथ मोटरसाईकिल पर सवार होकर एक परिवादिया के घर में घुस गया। परिवादिया की पुत्री की लज्जा भंग करते हुए उठाकर ले जाने की कोशिष की और घर पर पत्थरबाजी कीए एवं फोन पर रूपये देने की मांग कीए नहीं देने पर धमकी दी। इस बारे में भी परिवादिया की ओर से थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया। जिसकी जांच एएसआई महेन्द्रसिंह कर रहे हैं। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतपालसिंह आरपीएसए सीओ स्वाती के सुपरविजन में सीआई बैगाराम मीणा के निर्देशन में थाना स्तर पर टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा दण्डित बंदी के फरार होने व कस्बा सुजानगढ में उक्त घटना कारित करने के बाद से ही लगातार कस्बा व आस पास के क्षेत्र में उक्त की तलाश की गयी, संदिग्ध स्थानो पर वांछित की दस्तयाबी हेतु दबिश दी गयी, सीसीटीवी फुटेज चैक किये गये। उक्त बंदी के मोबाईल नम्बरो की लगातार लोकेशन पर नजर रखी गयी। गठित टीम के अथक प्रयासो से वांछित आरोपी दीपक जोशी पुत्र श्रीचन्द निवासी वार्ड नम्बर 32 सांड चौक सुजानगढ को सालासर रोड़ से दस्तयाब किया जाकर जुर्म प्रमाणित पाया जाने पर गिरफ्तार किया गया। जिससे प्रकरण हाजा में पूछताछ की जा रही है। आरोपी हत्या के मामले में दोषसिद्ध है औरा आजीवन कारावास की सजा खुला शिविर बींछवालए बीकानेर में काट रहा था।

## विद्युत चोरी करने का आरोप, कानूनी कार्यवाही की मांग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निवर्तमान पार्षद बिलाल भूरान ने एडीएम को एक ज्ञापन भेजकर संवेदक फर्म द्वारा मिलीभगत कर विद्युत चोरी करने का आरोप लगाते हुए मामले में कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि ग्रीन स्पेस पार्क नाथो तालाब से गंदा पानी निकासी हेतु टेंडर संविदा फर्म को विद्युत पंप नियम अनुसार संवेदक फर्म द्वारा स्वयं के जनरेटर व डीजल से चलना निर्धारित किया गया था। जिसमें संविदा फर्म द्वारा नियम कायदों की धज्जियां उड़ाते हुए उक्त स्थल पर विद्युत कनेक्शन से नियम विरुद्ध पंप का सीधा कनेक्शन कर विद्युत मोटरों को चलाया जा रहा है। जिससे एक ओर नगर परिषद के विद्युत कनेक्शन से बिजली चोरी की जा रही है, वहीं भ्रष्टाचार कारित करए फर्जी तरीके से डीजल के पैसे संविदा फर्म द्वारा उठाकर नगर परिषद के राजकोष को भारीभरकम क्षति पहुंचा, जाने के आरोप लगाए गए हैं। मामले में दोषियों पर कार्यवाही की मांग की गई है। हालांकि पूरे मामले की सच्चाई जांच के बाद ही सामने आ पायेगी।

## चाड़वास भाजपा मंडल की हुई बैठक

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी चाड़वास मण्डल की बैठक का आयोजन मण्डल अध्यक्ष करणी सिंह की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में आगामी पंचायती राज चुनाव में पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्ययोजना तैयार करने पर चर्चा की गई। बैठक का संचालन मण्डल महामंत्री हंसराज नायक ने किया। मण्डल महामंत्री दिनेश रतावा ने संगठनात्मक विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरपत सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गंगाधर दर्जी, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष हरीराम सुथार, मीडिया प्रभारी विकास बिरड़ा, मंडल कार्यकारिणी सदस्य नवरत्न नायक, राजेश सेन, आदित्य जांगिड़ सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## आरोबी पुल निर्माण कार्य में ब्रेक लगने से थम गई विकास की रफ्तार

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** क्षेत्र में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य की धीमी गति अब केवल रेलवे परियोजना तक सीमित नहीं रही है, बल्कि इसके कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-89 और राज्य राजमार्ग से जुड़े महत्वपूर्ण निर्माण एवं उन्नयन कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। लंबे समय से अधूरा पड़ा ओवरब्रिज क्षेत्र के विकास, यातायात व्यवस्था और व्यापारिक गतिविधियों के लिए बड़ी बाधा बन गया है। रेलवे फाटक पर लगने वाले लंबे जाम और बार-बार बाधित यातायात को देखते हुए ओवरब्रिज निर्माण की योजना बनाई गई थी। लोगों को उम्मीद थी कि पुल बनने के बाद यातायात सुगम होगा और राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, लेकिन पुल निर्माण कार्य ठप्प होने से एनएच-89 और स्टेट हाईवे के कई हिस्सों पर प्रस्तावित चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और सड़क सुधार कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। रोजाना लगता है जाम रू सुजानगढ़ रोड पर पुल निर्माण स्थल के आसपास पर्याप्त वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था नहीं होने के कारण भारी वाहनों, बसों और निजी वाहनों को घंटों जाम में फंसना पड़ता है। सुबह और शाम के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। कई बार एम्बुलेंस और आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को भी आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। व्यापार और अर्थव्यवस्था पर असर : एनएच-89 और स्टेट हाईवे क्षेत्र के प्रमुख व्यापारिक मार्ग हैं। इन मार्गों पर निर्माण कार्य बाधित होने से माल परिवहन प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों का कहना है कि वाहनों को लंबा चक्कर लगाना पड़ता है, जिससे परिवहन लागत बढ़ रही है। डीजल खर्च और समय की बर्बादी का सीधा असर वस्तुओं की कीमतों पर पड़ रहा है। कृषि प्रधान क्षेत्र होने के कारण किसानों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। कृषि उपज को मंडियों तक पहुंचाने में देरी हो रही हैए जिससे किसानों की लागत बढ़ रही है और समय पर फसल बेचने में कठिनाई आ रही है।



### धूलए गड्ढों, और दुर्घटनाओं की

आशंका निर्माण स्थल के आसपास सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। जगह जगह गड्ढे, निर्माण सामग्री और उड़ती धूल वाहन चालकों के लिए परेशानी का जनता की मांग स्थानीय नागरिकों, व्यापारिक संगठनों और सामाजिक संस्थाओं ने प्रशासन तथा संबंधित विभागों से मांग की है कि रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य को युद्धस्तर पर पूरा किया जाए। साथ ही एनएच-89 और स्टेट हाईवे से जुड़े लंबित निर्माण कार्यों को भी शीघ्र शुरू कर क्षेत्र को जाम, अव्यवस्था और विकास अवरोध से मुक्ति दिलाई जाए। क्षेत्रवासियों का मानना है कि रेलवे ओवरब्रिज का शीघ्र निर्माण न केवल यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाएगा, बल्कि व्यापार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्रदान करेगा। फिलहाल लोगों की निगाहें प्रशासन और संबंधित विभागों की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। कारण बने हुए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार छोटे-मोटे सड़क हादसे भी हो चुके हैं। रात के समय पर्याप्त रोशनी और सुरक्षा संकेतकों की कमी के कारण दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। विभागों के समन्वय पर उठ रहे सवाल: क्षेत्रवासियों का आरोप है कि रेलवे विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और संबंधित निर्माण एजेंसियों के बीच समुचित समन्वय नहीं होने के कारण परियोजना लगातार विलंब का शिकार हो रही है। समय-समय पर निर्माण कार्य की गति बढ़ाने के दावे किए गए, लेकिन धरातल पर अपेक्षित प्रगति दिखाई नहीं दे रही है।

## अपना घर आश्रम नोखा के प्रयासों से 10 वर्ष बाद परिवार से मिले प्रभुजी

निसं

**नौखा ( नवयत्न )।** मानव सेवा के लिए समर्पित अपना घर आश्रम नौखा में पिछले लगभग 10 वर्षों से निवास कर रहे प्रभुजी मुकेश खार्की का उनके परिवारजनों से भावुक मिलन हुआ। मुकेश कई वर्ष पूर्व अपने घर से लापता हो गए थे और तब से उनका कोई पता नहीं चल पाया था। परिवारजनों ने उन्हें खोजने के लिए हर संभव प्रयास किए। उनके संबंध में पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट एफआईआर भी दर्ज करवाई गई थी, लेकिन लंबे समय तक उनकी कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद अपना घर आश्रम नौखा द्वारा सोशल मीडिया एवं इंस्टाग्राम के माध्यम से उनकी पहचान और परिवार की खोज का अभियान चलाया गया। आश्रम के सतत प्रयासों और सोशल मीडिया की सहायता से आखिरकार मुकेश जी के परिवारजनों का पता लगाया गया तथा उनसे संपर्क स्थापित किया गया। सूचना मिलने पर उनके भाई एवं अन्य परिजन नौखा पहुंचे और वर्षों बाद अपने प्रियजन से मिलकर भावुक हो उठे। इस अवसर पर परिवारजनों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। लगभग एक दशक बाद अपने सदस्य को सकुशल देखकर पूरे परिवार में उत्साह और आनंद का वातावरण बन गया।




वहीं आश्रम परिवार के लिए भी यह क्षण अत्यंत संतोष और प्रसन्नता का रहा। अपना घर आश्रम नोखा निरंतर ऐसे असहाय, निराश्रित एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रभुजनों की सेवा कर उन्हें सम्मानजनक जीवन प्रदान करने के साथ-साथ उनके परिवारों से पुनर्मिलन कराने का कार्य कर रहा है। यह पुनर्मिलन मानव सेवा और सामाजिक समर्पण का एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

## नाले की मरम्मत किए जाने की मांग

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय वार्ड नं. 10 के लोगों ने नगरपरिषद आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर वार्ड में नाले की रिपेयरिंग करवाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि एक साल पहले नाला रिपेयर का टेन्डर हुआ था, जो आज तक रिपेयर नहीं हुआ हैं। ठेकेदार को जब बोलते हैं, तो कहता है कि जब तक नगरपरिषद् की तरफ से एक जनरेटर एक पीटीओ नहीं दिया जावेगा तब तक नाला रिपेयर नहीं होगा। ज्ञापन में लोगों ने निवेदन किया है कि ठेकेदार को एक पीटीओ व जनरेटर दिया जावे, जिससे नाला रिपेयर किया जा सक। अगर ऐसा नहीं हुआ तो आने वाले बरसात के समय में जमालपुरा व रहमत नगर पानी से डूब जायेगें और पिछले वर्ष की तरह हालात खराब हो जायेंगे। इसी प्रकार जमालपुरा पम्प हाउस का बिजली कनेक्शन करवाये जाने की मांग भी ज्ञापन में की गई है।

## जलदाय विभाग की लापरवाही से पेयजल संकट गहराया

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ शहर के रिणी कुआं बस्ती में गत 15/20 दिनों से पेयजल संकट गहराता जा रहा है। प्रात: 7:30 बजे की सप्लाई में सैकड़ो घरों के लिए पानी कभी 20 मिनट तो कभी 25 मिनट देते हैं । जिसमें भी पानी का प्रेशर कम होने से कई घरों में तो पानी पहुंचता भी नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कनिष्ठ अभियंता व सप्लाई कर्मचारी आमजन की शिकायत भी नहीं सुनते न ही समय पर फोन उठाते है। संविधा कर्मचारी एक ही रटा रटाया जवाब देते हैं कि ट्यूबवेल खराब है और बिजली काट दी गई है। अधिकारियों को जल समस्या का पता होने के बाद भी उनकी लापरवाही से समस्या जस की तस बनी हुई है। पानी की सही और समय पर आपूर्ति नहीं होने से स्थानीय लोग भारी आक्रोश में और परेशान है।


### नाम परिवर्तन

मैं सरमता पत्नी बनवारी लाल जाति जाट निवासी ग्राम सेजा की ढ़ाणी तन. अजाड़ी कलां, बडागांव तहसील व जिला झुंझुनूं (राज.)। मेरे पति के नाम से एक एल.आई.सी. पॉलिसी नम्बर 192891488 बनी हुई है। जिसमें नौमीनी में मेरा शर्मीला दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम सरमता है जो मेरे अन्य दस्तावेजों में भी दर्ज है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे व मेरे पति की पॉलिसी में भी दुरुस्त करे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के लिए एकजुट होंगे जयपुरवासी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर काइंडनेस वेलफेयर एसोसिएशन केडब्ल्यू, की ओर से 5 जून शुक्रवार को जल महल पर जयपुर क्लीन ड्राइव 2026 का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार प्रात: 6:30 बजे से शुरू होने वाले इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है। काइंडनेस वेलफेयर एसोसिएशन के निदेशक रजत जैन ने बताया कि क्लीन जयपुर, ग्रीन जयपुर थीम पर आधारित इस अभियान में शहर के नागरिक, विद्यार्थी, परिवार, पेशेवर वर्ग और स्वयंसेवक एक साथ भाग लेकर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे। जयपुर की पहचान और गौरव का प्रतीक जल महल इस अभियान का मुख्य केंद्र रहेगा। इस अभियान के दौरान प्रतिभागी स्वच्छता गतिविधियों में भाग लेंगे तथा आमजन को सार्वजनिक स्थलों, जल स्रोतों और विरासत स्थलों के संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सफाई अभियान तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों में दीर्घकालिक पर्यावरणीय चेतना और नागरिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। जैन ने बताया कि जयपुर क्लीन ड्राइव 2026 को जन आंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक नागरिक अपने शहर की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित हो सके। वहीं अभियान के समन्वयक कोऑर्डिनेटर भवेंद्र सिंह ने बताया कि यह पहल नागरिकों, विद्यार्थियों, परिवारों और स्वयंसेवकों को एक साझा उद्देश्य के लिए एक मंच पर लाएगी। उन्होंने जयपुर वासियों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा शहर की विरासत और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, पर्यावरण जागरूकता गतिविधियां, सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम तथा जनजागरूकता प्रयास आयोजित किए जाएंगे। साथ ही अभियान में सक्रिय योगदान देने वाले प्रतिभागियों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। काइंडनेस वेलफेयर एसोसिएशन ने शहर के नागरिकों, सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, सामुदायिक समूहों एवं मीडिया प्रतिनिधियों से अभियान में भाग लेकर स्वच्छ, हरित और सुंदर जयपुर के निर्माण में सहयोग करने की अपील की है।

## अनुसूचित जनजाति समाज ने भाजपा जिलाध्यक्ष गोयल का किया अभिनंदन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी जयपुर शहर कार्यालय में गुरुवार को अनुसूचित जनजाति समाज के प्रतिनिधियों ने जयपुर शहर भाजपा जिलाध्यक्ष अमित गोयल का 21 किलो की विशाल माला पहनाकर तथा भगवान श्रीराम के प्रतीक स्वरूप धनुष-बाण भेंट कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विकास मीणा का भी दुपट्टा, माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में मीणा समाज के बड़ी संख्या में समाजबंधु, मातृशक्ति, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान पुष्पमालाओं, जयघोष, ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उत्साह एवं संगठनात्मक एकता का माहौल देखने को मिला। समाजजनों ने भाजपा संगठन और जिलाध्यक्ष अमित गोयल के प्रति अपना विश्वास एवं समर्थन व्यक्त किया। इस अवसर पर अमित गोयल ने कहा कि अनुसूचित जनजाति समाज भारतीय संस्कृति, प्रकृति संरक्षण, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक समरसता की गौरवशाली परंपरा का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव अनुसूचित जनजाति समाज के सम्मानए अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि विकास मीणा के नेतृत्व में अनुसूचित जनजाति मोर्चा को नई ऊर्जा मिलेगी तथा समाज और संगठन के बीच समन्वय और अधिक मजबूत होगा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विकास मीणा ने पार्टी नेतृत्व और समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की विचारधारा और जनसेवा के संकल्प के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य करेंगे तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पूर्ण समर्पण से काम करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित समाजजनों एवं महिला कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया। मीडिया सह-प्रभारी नयन माधाणी अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में जिला महामंत्री नवरत्न नराणिया एवं राजेश ताम्बी, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पुरुवंशी और अजय सिंह चौहान, जिला मंत्री प्रिया ज्ञानानी, जी. राम मीणा, कार्यालय मंत्री क्षमा अग्रवाल, सह कार्यालय मंत्री कमलेश जायसवाल, राज सिंह राठौड़ सहित जिला एवं मोर्चा पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नेत्रहीन बच्चों ने प्लास्टिक बोतलों से बनाए आकर्षक प्लांटर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर हवामहल जोन के वार्ड-142 स्थित राजस्थान नेत्रहीन कल्याण संघ में नगर निगम जयपुर, बिसलेरी सीएसआर बॉटलर्स फॉर चेंज एवं ग्राम भारती एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक कचरे के पुनर्चक्रण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में नेत्रहीन बच्चों ने उपयोग में आ चुकी प्लास्टिक बोतलों को रचनात्मक ढंग से सजाकर आकर्षक प्लांटर तैयार किए और पुनर्चक्रण के महत्व को प्रदर्शित किया। बच्चों ने अपने हुनर और कल्पनाशीलता के माध्यम से यह संदेश दिया कि बेकार समझी जाने वाली वस्तुओं का भी उपयोगी रूप में पुन: इस्तेमाल किया जा सकता है। इस अवसर पर खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने तबला वादन, हारमोनियम प्रस्तुति और गीत-संगीत के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों की सराहना प्राप्त की। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुनर्चक्रित प्लास्टिक से निर्मित टी-शर्ट एवं अन्य आकर्षक उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बच्चों के उत्साह और रचनात्मकता की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक कचरे के पुनर्चक्रण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया तथा सभी से प्रकृति संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया।

## वाहन की टक्कर से बालक घायल

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती गांव सारोठिया में एक गाड़ी की टक्कर से बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम को परावा रोड पर घर के बाहर खेल रहे नरेंद्र 8 पुत्र सोहन राम मेघवाल को वाहन ने टक्कर मार दीए जिससे बालक गंभीर घायल हो गया। घायल बच्चे को निजी वाहन से सुजानगढ़ अस्पताल लाया गया, जहाँ टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार आदि ने इमरजेंसी में भर्ती करवाकर ईलाज शुरू करवाया। गंभीर स्थिति के कारण बच्चे को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं सूचना पर सदर पुलिस थाने के एएसआई छगनलाल अस्पताल पहुंचे।

# अंतर्राष्ट्रीय निर्दोष बाल पीड़ित दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह, बाल अधिकारिता विभाग, पालवास रोड, सीकर परिसर में अंतर्राष्ट्रीय निर्दोष बाल पीड़ित दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल बृजेन्द्र सिंह, परमजीत सिंह एसीएडीसी, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अंकुर बहड़, सदस्य बिहारी लाल बालान, किशोर न्याय बोर्ड सदस्य सरोज देवी, गृह काउंसलर धर्मपाल जाट सहित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बृजेन्द्र सिंह ने कहा कि यह दिवस केवल स्मरण का अवसर नहीं बल्कि मानवता को अपनी जिम्मेदारियों का अहसास कराने का भी अवसर है। उन्होंने बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा एवं उनके समग्र विकास के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक बताई। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अंकुर बहड़ एवं सदस्य बिहारी लाल बालान ने कहा कि बाल श्रम, मानव तस्करी तथा शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न जैसे अपराधों की रोकथाम के लिए कठोर कानूनों के साथ-साथ उनके प्रभावी क्रियान्वयन एवं सामाजिक जागरूकता भी अत्यंत आवश्यक है। राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह की अधीक्षक रूकमणी गढ़वाल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं न्यायविदों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने किशोर बालकों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सम्मान के साथ जीवन जीने तथा भविष्य में अपराध की पुनरावृत्ति नहीं करने की शपथ दिलाई। साथ ही किशोरों के प्रति प्रेम, करुणा एवं संवेदनशील व्यवहार अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन सोशल वर्कर देवीलाल जाट द्वारा किया गया।



# ब्लॉक स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** पंचायत समिति सभागार में गुरुवार को उपखंड अधिकारी स्वाति झा की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान उपखंड अधिकारी स्वाति झा ने समस्त विभागों के अधिकारियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पिलानी व सूरजगढ़ ब्लॉक के समस्त अधिकारियों को आगामी मानसून सीजन को देखते हुए जल भराव, ऊंची सड़कों, खुली नालियों एवं चैंबरों को ढकने के निर्देश दिए तथा एईएन बिजली विभाग को आमजन की शिकायतों के त्वरित निवारण के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम के नेतृत्व में सभी अधिकारियों को वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की शपथ दिलाई। इस मौके पर तहसीलदार जयसिंह मीणा, नायाब तहसीलदार हरीश यादव, विकास अधिकारी गणेशाराम जाखड़, सीबीओ बसंता, एसबीओ अनिल शर्मा, पीडब्ल्यूडी एईएन विजेंद्र डूडी, एईएन संदीप बाकोलिया, पीए हरीश जांगिड़, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेन्द्र जिलोवा, सुरेश किरोड़ीवाल, डॉ मंदरूप काजला, सुमेर मीणा सहित सूरजगढ़ व पिलानी ब्लॉक के समस्त अधिकारी मौजूद रहे।




# एसओजी एडीजीपी बंसल रहे चूरू दौरे पर पुलिस लाइन में परेड का किया निरीक्षण

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** एसओजी एडीजीपी विशाल बंसल चूरू दौरे पर रहे एसओजी एडीजीपी विशाल बंसल के चूरू पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ आर्नर दिया गया और चूरू एसपी निश्चय प्रसाद और एएसपी सुनील बंसल ने बुका दे एडीजीपी का स्वागत सत्कार किया। एसओजी एडीजीपी ने चूरू पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया और चूरू एसपी निश्चय प्रसाद एम से जिले की कानून व्यवस्था और क्राइम पैटर्न पर चर्चा की। एडीजीपी ने कहा निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यही है कि यहां जो कमियाँ है उन्हें सुधारा जाए और जो बेहतर नवाचार किए जा रहे है उन्हें प्रदेश स्तर पर लागू किया जाए। इस दौरान एसओजी एडीजीपी ने भविष्य में पेपर लीक की घटनाओं की पुनरावृति ना हो की दिशा में किए जा रहे प्रयासों और गैंगस्टरो और उनसे जुड़े लोगों पर आगामी दिनों में और भी सखती बरतने के संकेत दिए।



### पेपर लीक ना हो इसके लिए नए सिस्टम किए डवलप

**एसओजी एडीजीपी विशाल बंसल ने कहा हाल की पेपर लीक की घटनाओं से सबक लेते हुए, भविष्य में पेपर लीक ना हो इसके लिए एसओजी ने प्रदेश में नए सिस्टम डवलप किए की किस तरह पेपर कंडप करना चाहिए, कैसे पेपर ट्रांसफर होना चाहिए, किस तरह पेपर स्टोरेज होना चाहिए इस पर हम काम कर रहे है।**

### यूनिक उर्फ पंकज भांभू पर बोले एडीजीपी

एसआई भर्ती परीक्षा 2021, जेईएन भर्ती परीक्षा 2021 सहित अन्य भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक कर 500 से अधिक लोगों की पेपर लीक और फर्जीवाड़े से सरकारी नौकरी लगवा चुके यूनिक उर्फ पंकज भांभू की गिरफ्तारी पर भी एसओजी एडीजीपी ने कहा भाभू हमारी रडार पर है वांटेड लिस्ट में है जिस पर एसओजी ने एक लाख रुपए का ईनाम भी घोषित कर रखा है और वह भी जल्द एसओजी की गिरफ्त में होगा।

### साईबर अपराध पर चूरू पुलिस की सराहना

एसओजी एडीजीपी विशाल बंसल ने साईबर अपराध की रोकथाम के लिए चूरू पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों और अभियान की सराहना करते हुए कहा प्रो एक्टिव में चूरू पुलिस द्वारा एनडीपिएस गेंग्स के खिलाफ भी बेहतर कारवाई कर आमजन के बीच बेहतर पुलिसींग का उदाहरण प्रस्तुत किया गया।

## कांस्टेबल भर्ती : आठ जून को होगी चयनित कांस्टेबल अभ्यर्थियों की मेडिकल जांच

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कालीबाई बटालियन आरएसी अलवर एवं पांचवीं बटालियन आरएसी जयपुर में चल रही कांस्टेबल भर्ती-2025 प्रक्रिया के तहत रिक्त पदों को भरने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस भर्ती प्रक्रिया के दौरान विभिन्न कारणों से रिक्त रह गए पदों पर चयनित अभ्यर्थियों का मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण आठ जून को कराया जाएगा। कमाण्डेंट पांचवीं बटालियन आरएसी जयपुर अनिल कुमार ने बताया कि चयन सूची की द्वितीय समीक्षा के बाद विभिन्न वर्गों में चयनित उन्नीस अभ्यर्थियों को मेडिकल परीक्षण के लिए बुलाया गया है। इनमें कालीबाई बटालियन आरएसी अलवर के सत्रह तथा पांचवीं बटालियन आरएसीए जयपुर के दो अभ्यर्थी शामिल हैं। मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं एक फोटोयुक्त पहचान पत्र साथ लेकर आठ जून को प्रात: छह बजे खाली पेट पांचवीं बटालियन आरएसी जयपुर मुख्यालय में उपस्थित हों। मेडिकल परीक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पात्र अभ्यर्थियों की नियुक्ति संबंधी आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस भर्ती प्रक्रिया के दौरान पूर्व में चयनित अभ्यर्थियों में से कई उम्मीदवारों द्वारा नियुक्ति में रुचि न दिखाने, अन्य स्थानों पर नियोजन हो जाने, गर्भवती महिलाओं के मामलों, आपराधिक प्रकरणों के कारण अपात्र घोषित होने, खेल कोटा तथा कुछ अन्य प्रशासनिक कारणों से ये पद रिक्त रह गए थे। विभाग द्वारा नियमों के तहत त्वरित रिव्यू कार्यवाही करते हुए प्रतीक्षा सूची से योग्य अभ्यर्थियों का चयन कर इन रिक्तियों को भरा गया है। इस अवसर पर भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी चयनित अभ्यर्थियों से निर्धारित समय पर आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित रहने की अपील की गई है।

## पर्यावरण दिवस पर माली सैनी समाज संस्था का संकल्प : जिलेभर में लगाए जाएंगे 31 हजार पौधे

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** माली सैनी समाज संस्था, झुंझुनूं द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलेभर में 31 हजार पौधे लगाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अभियान विभिन्न सामाजिक संगठनों, पर्यावरण प्रेमियों एवं जागरूक नागरिकों के सहयोग से पांच चरणों में संचालित किया जाएगा। संस्था के मीडिया प्रभारी नरेश बगड़ ने बताया कि माली सैनी समाज संस्था, झुंझुनू का गठन 24 जून 2024 को हुआ था। संस्था की बागडोर प्रथम जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री को सौंपी गई थी। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने प्रत्येक वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया था। इसी संकल्प के तहत वर्ष 2024 में 11 हजार तथा वर्ष 2025 में 21 हजार पौधे लगाए गए थे। अब वर्ष 2026 में जिलेभर में 31 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर जिले को हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाना है। संस्था द्वारा इस वर्ष भी वृक्षारोपण अभियान को पांच चरणों में संचालित किया जाएगा। प्रथम चरण विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2026, द्वितीय चरण विश्व योग दिवस 21 जून, तृतीय चरण विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई, चतुर्थ चरण विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस तथा पंचम चरण अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 12 अगस्त के अवसर पर आयोजित किया जाएगा। इन चरणों के माध्यम से 31 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य पूरा किया जाएगा।

**तीन पर्यावरण प्रहरी होंगे वृक्ष मित्र पुरस्कार से सम्मानित**-विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विगत वर्ष लगाए गए पौधों का संरक्षण एवं संवर्धन में श्रेष्ठ कार्य करने तीन पर्यावरण प्रेमियों को वृक्ष मित्र पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इनमें चिड़ावा के सेवानिवृत्त एसआई बाबूलाल सैनी, सिंघाना के हरि सिंह सैनी तथा उदयपुरवाटी के मूलचंद सैनी सैनी शामिल हैं।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा चलाएगी प्रदेशव्यापी जनसंपर्क अभियान

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों को सेवाए सुशासन, विकास और जनकल्याण का स्वर्णिम काल को लेकर भाजपा प्रदेशव्यापी जनसंपर्क अभियान चलाने जा रही है। जहां भाजपा संगठन केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन.जन तक पहुंचाने के लिए 5 जून से 21 जून तक प्रदेशभर में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाएगा। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं बारह साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण अभियान के प्रदेश संयोजक भूपेंद्र सैनी ने इस अभियान को लेकर गुरुवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। सैनी ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार आयोजित होने वाले इस अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और विकसित भारत के संकल्प को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंडल स्तर तक वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। इसी दिन भाजपा प्रदेश कार्यालय में ष्एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा सुबह 11 बजे पौधारोपण किया जाएगा। कार्यक्रमों की श्रृंखला में 8 और 9 जून को राष्ट्रीय स्तर पर मीडिया संवादए 8 से 14 जून तक जिला स्तर पर विशेष जनसंपर्क अभियान, 11 और 12 जून को प्रदेश स्तरीय मीडिया संवाद, 12 से 20 जून तक उपखंड स्तर पर जनकल्याण शिविर तथा 13 से 20 जून तक सभागार बैठकों में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही 13 से 20 जून तक मोदी सरकार की उपलब्धियों की प्रदर्शनी और जिला स्तर पर प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशालाओं का आयोजन होगा। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला एवं मंडल स्तर तक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सैनी ने कहा कि अभियान के दौरान भाजपा सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि और संगठन पदाधिकारी गांव-गांव तथा बूथ स्तर तक पहुंचकर आमजन से संवाद करेंगे। जनकल्याण शिविरों में केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने पर विशेष जोर रहेगा। आयुष्मान भारत योजना, पीएम सूर्य घर योजना, पीएम स्वनिधि, लखपति दीदी सहित विभिन्न योजनाओं के पंजीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 12 वर्षों में गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। देश ने आधारभूत संरचना, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, सामाजिक सुरक्षा और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। सैनी ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए प्रदेश स्तर पर समन्वय समिति का गठन किया गया है। समिति में विभागों, मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को विभिन्न कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, छगन माहुर, अभियान के सह संयोजक नारायण मीणा, प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, प्रदेश आईटी प्रभारी अविनाश जोशी, सोशल मीडिया प्रभारी हीरेंद्र कौशिक, आशीष चौपड़ा सहित अभियान से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बेजुबान परिंदों की सेवा सबसे बड़ा धर्म



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** स्वायत शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने आदर्श एजुकेशन संस्थान एनजीओ के परिंडा बांधो अभियान के द्वितीय दिन परिंडा बांधकर कहा कि मनुष्य मुंह से बोलकर अपनी भूख प्यास बुझा सकता है। लेकिन बेजुबान पशु-पक्षी न खाने को मांग सकते ना पीने को पानी मांग सकते इसी बात को ध्यान में रखते हुए आदर्श एजुकेशन संस्थान एनजीओ ने 1 लाख परिंडें बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए बांधने का लक्ष्य रखा है। सीकर सांसद अमरा राम ने इस अभियान को बहुत ही सार्थक पहल माना एवं आदर्श एनजीओ की सम्पूर्ण टीम को पूरा सहयोग देने को कहा। कोर कमेटी आदर्श एनजीओ के पिंटू सैनी ने बताया कि यह अभियान पुरे राजस्थान में चलेगा । सीकर सांसद अमराराम ने इस अभियान को जन.जन का अभियान बनाने की भी अपील की । कहा कि विशेष रूप से जिन स्थानों पर पानी की व्यवस्था हो उन स्थानों को चिन्हित करके संस्थान परिंडे बांधे यह बात सांसद ने कही । परिंडा अभियान के प्रभारी राकेश सैनी ने बताया कि इस अवसर पर संस्थान के कोर कमेटी के सदस्य विक्रम सैनी, मोहन सैनी, मनोज सैनी, बाबूलाल शर्मा कांसरडा, आदर्श एनजीओ के कोषाध्यक्ष बलदेव सैनी उपस्थित रहे। आदर्श एनजीओ के संचालक के के यादव ने बताया की आसपास के क्षेत्र रिंग्स, श्रीमाधोपुर, भारणी, ठिकरिया, हासपुर में परिंडा अभियान के दूसरे दिन आदर्श एनजीओ की टीम द्वारा लगभग 180 परिंडे बांधे गए। विक्रम सैनी ने परिंडे लगाने वाली सम्पूर्ण टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एक ही रात दो मकानों में लाखों के सोने-चांदी के जेवरात और बाइक चोरी

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिले के सादुलपुर के गांव पहाड़सर में एक ही रात में दो मकानों में लाखों की कीमत के सोने चांदी के जेवरातों की घटना से गांव के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है। वही घटना सीसीटीवी कैमरों में रिकार्ड हो गई। घटना की सूचना मिलती हुई पुलिस मौके पर पहुंची तथा नाकाबंदी कर अज्ञात चोर बदमाशो को खोजने का प्रयास किया लेकिन पुलिस को सफलता नही मिली।

इसके अलावा सीसीटीवी फुटेज में अज्ञात चोर गांव गलियों में कच्छा पहने घूमते नजर आ रहा है। अज्ञात चोरों ने एक ही रात में दो मकानों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण तथा एक मोटरसाइकिल चोरी की घटना को अंजाम देकर बिना किसी डर भय के फरार हो गए जिसके कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पुलिस के अनुसार गांव पहाड़सर निवासी ओमप्रकाश जाट 68 वर्ष एवं विनोद कुमार पूनियां 49 वर्ष ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि बुधवार रात्रि की मध्यरात्रि को अज्ञात चोरों ने दोनों के रिहायशी मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दर्ज मामले में बताया कि पहली घटना ओमप्रकाश के मकान में हुई, जहां अज्ञात चोर रात के समय घर में घुस गए और कमरे में रखे सूटकेस से एक सोने का कड़ाए दो पुरुषों की सोने की अंगूठियां तथा एक महिला की सोने की अंगूठी चोरी कर ले गए। इसके बाद विनोद कुमार के मकान को निशाना बनाया।